卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 25 ♦अंक 2 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦8 अक्टूबर 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## पंचम नवरात्र



**नवरात्र के पांचवे दिन मां भगवती के स्कंदमाता स्वरूप की पूजा की जाती है। देवी का यह स्वरूप नारी शक्ति और मातृ शक्ति का प्रतीक है।**

# हरियाणा में भाजपा की हैट्रिक!

## रूझानों में भाजपा ऐतिहासिक जीत की ओर, जम्मू कश्मीर में एनसी-कांग्रेस को भारी बढ़त

नई दिल्ली (उद संवाददाता)। हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के रुझानों में हरियाणा में भाजपा ने बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है। रूझानों के अनुसार हरियाणा में भाजपा की हैट्रिक लगने की उम्मीद है। वहीं जम्मू कश्मीर में कांग्रेस गठबंधन की सरकार बनने के आसार हैं। दूसरी ओर कांग्रेस ने चुनाव आयोग पर सवाल उठाना शुरू कर दिया है। जम्मू कश्मीर में 90 सीटों के लिए तीन फेज में वोटिंग हुई थी। वहीं हरियाणा में सिर्फ एक फेज यानी 5 अक्तूबर को मतदान हुआ था। रुझानों में



जम्मू कश्मीर में कांग्रेस-नेकां गठबंधन बहुमत का आंकड़ा पार कर चुका है। समाचार लिखे जाने तक प्राप्त रूझानों के अनुसार हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा 46 सीटों पर बढ़त बनाए हुए थी जबकि कांग्रेस 29 (शेष पृष्ठ सात पर)

### कांग्रेस ने चुनाव आयोग से की शिकायत

नई दिल्ली। हरियाणा में रूझानों को लेकर कांग्रेस ने चुनाव आयोग से शिकायत की है कि सुबह नौ बजे से 11 बजे के बीच हरियाणा के नतीजों को बेवसाइट पर अपलोड करने में देरी की गई है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि नतीजों को अपडेट करने की धीमी गति के चलते नई-नई कहानियां गढ़ी जा रही हैं। उन्होंने चुनाव आयोग से कहा कि हरियाणा चुनावों के सटीक आंकड़े जारी करने के निर्देश जारी किए जाएं। इससे पहले कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि लोकसभा चुनावों की तरह हरियाणा में फिर से चुनाव आयोग की वेबसाइट पर रुझानों को अपलोड करने की गति धीमी है। हमें उम्मीद है कि चुनाव आयोग हमारे सवालों का जवाब देगा। 10-11 राउंड के नतीजे जारी हो चुके हैं। लेकिन चुनाव (शेष पृष्ठ सात पर)

## ट्रक की टक्कर से बाईक सवार राज मिस्त्री की मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि शांतिपुरी के पास हल्द्वानी से मजदूरी कर बाईक पर सवार होकर घर लौट रहे राज



मिस्त्री को पीछे से आते ट्रक चालक ने टक्कर मार दी। जिससे राममिस्त्री की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार शरीफनगर बहेड़ी निवासी 35 वर्षीय विक्रम मौर्य पुत्र मुन्नालाल हल्द्वानी में राज मिस्त्री का काम करता था। बताया जाता है गत रात्रि वह काम समाप्त कर



अपनी बाईक संख्या यूके 06 सीबी4876 पर सवार होकर घर वापस लौट रहा था। जब वह शांतिपुरी के पास पहुंचा तो पीछे की ओर से तेज गति से आ रहे ट्रक के अज्ञात चालक ने बाईक को टक्कर मार दी । जिससे विक्रम मौर्य बाईक से सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए राजकीय चिकित्सालय ले जाया गया जहां उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव अपने कब्जे में लिया और घटनास्थल का निरीक्षण किया। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन भी आ गये और शव देखकर उनमेंकोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे पत्नी प्रीती, चार पुत्र व एक पुत्री को रोता बिलखता छोड़ गया हैं।

## गृह कलेश में पल्लेदार ने फांसी लगाकर दी जान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गृह कलेश के चलते गत रात्रि शास्त्री नगर ट्रांजिट कैम्प में गल्ला मंडी में पल्लेदारी करने वाले एक व्यक्ति ने घर में फांसी लगाकर अत्म हत्या कर ली। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसे जिला चिकित्सालय भेजा जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार मूल रूप से शकरी भराव मुरफ्फरपुर जिला समस्तीपुर बिहार का निवासी 26 वर्षीय लालजीवन पुत्र रामसकल यहां शास्त्री



नगर ट्रांजिट कैम्प में अपने परिवार के साथ किरायेदार के रूप में रहता था और गल्ला मंडी में पल्लेदारी कर परिवार का भरण पोषण करता था। बताया जाता है कि अक्सर ही वह काम से नशे की हालत में लौटकर पत्नी मित्तल देवी से मारपीट करता था। गत रात्रि करीब 10 बजे वह नशे की हालत में घर आया और पत्नी से मारपीट कर अपने कमरे में यह कहकर चला गया कि वह फांसी लगा लेगा। कुछ देर बाद पत्नी ने कमरे में देखा तो पति फांसी पर लटका हुआ था। उसके शोर मचाने पर आसपास के कई लोग वहां आ (शेष पृष्ठ सात पर)

## रूद्रपुर सर्किल में लगाये जायेंगे 1.60 लाख प्रीपेड विद्युत मीटर

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। शहर में पुराने विद्युत मीटरों के स्थान पर नये स्मार्ट प्रीपेड विद्युत मीटर लगाने की कवायद तेज हो गयी है। मंगलवार को अधीक्षण अभियंता विद्युत शेखर चन्द्र त्रिपाठी ने पत्रकार वार्ता में बताया कि रूद्रपुर सर्किल में 1.60 लाख प्रीपेड मीटर लगाने का लक्ष्य है। इनमें घरेलू और औद्योगिक क्षेत्र भी शामिल है। उन्होंने बताया कि सरकारी विभाग हो या आवास वहां भी नये मीटर लगाये जायेंगे। उन्होंने कहा कि नये स्मार्ट मीटरों से उपभोक्ताओं को नुकसान नहीं बल्कि कई फायदे होंगे। उन्होंने प्रीपेड स्मार्ट मीटर की खूबियां बताते हुए कहा कि नये विद्युत मीटर से उपभोक्ता अपना बजट मेंटेन कर सकते हैं। उपभोक्ता का बजट उसके अपने हाथ में होगा। इसके

### डीजीएम ने गिनाई स्मार्ट प्रीपेड मीटर की खूबियां



फायदे ही फायदे हैं। उन्होंने कहा कि नये मीटर का कोई चार्ज नहीं लिया जायेगा। उपभोक्ता जब पहली बार इस मीटर को लगायेंगे तो बिल की धनराशि सिक्योरिटी से एडजस्ट की जायेगी। उन्होंने कहा कि मीटर की दस साल की गारंटी है। दस साल तक मीटर में कोई खराबी आने पर कंपनी निःशुल्क मीटर बदलकर देगी। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर से आप किसी भी समय अपना बिल चेक कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर से जहां बिजली चोरी रूकेगी वहीं बिजली की खपत भी कम होगी। इससे उपभोक्ता और सरकार दोनों को फायदा होगा। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर ऐसा आधुनिक मीटर है जिसका कंट्रोल खुद उपभोक्ता के हाथ में है। उपभोक्ताओं को हर माह मीटर रीडिंग कराने से छुटकारा मिलेगा। बिजली बिल पर लगने वाले ब्याज या लेट फीस से भी मुक्ति मिलेगी। उपभोक्ता पर भारी बकाया होने जाने जैसी समस्या से भी छुटकारा मिलेगा। विद्युत बिल जमा करने के लिए लाईन नहीं लगानी पड़ेगी घर बैठे ही मीटर को मोबाइल ऐप या ऑनलाईन रिचार्ज करने की सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही स्मार्ट मीटर में वर्तमान लागू विद्युत दर पर चार प्रतिशत की छूट भी दी जायेगी। उन्होंने कहा कि छुट्टियों के दिनों में या रात में बैलेंस खत्म होने के बाद भी बिना रूकावट बिजली की उपलब्धता होगी। विद्युत फाल्ट (शेष पृष्ठ सात पर)

## कंपनी ठेकेदार पर मुआवजा राशि हड़पकर धमकाने का आरोप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल की एक कंपनी में कार्य के दौरान मशीन की चपेट में आकर घायल हुए व्यक्ति ने कंपनी के ठेकेदार पर उसकी मुआवजा राशि



हड़पने और जन से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायती पत्र सौंपा है। पत्र में भिखारी पुत्र काशी निवासी ग्राम रीठ, पोस्ट धर्मपुर उर्फ लोहारपुरा, मुरादाबाद हाल निवासी रम्पुरा ने कहा है कि वह सिडकुल डाल में मेन पावर कंपनी के अधीन कार्यरत था। कम्पनी का कान्ट्रेक्टर सिडकुल स्थित एक फैक्ट्री में था, जहीं पर वह कार्यरत था। 27 जून को कम्पनी में कार्य के दौरान गलैण्डर मशीन की चपेट में आने से उसका बाया हाथ कट गया। कम्पनी की तरफ से मुआवजा राशि व अन्य पेमेन्ट उसको प्राप्त होती है, लेकिन ठेकेदार (शेष पृष्ठ सात पर)

## घर में पकड़ा नशीली दवाईयों का जखीरा

### महिला सहित तीन गिरफ्तार

किच्छा(उद संवाददाता)। पुलिस ने कोतवाली क्षेत्र में नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए बंडिया में एक घर पर छापा मार कर भारी मात्रा में अवैध नशे की सामग्री सहित 9 लाख रुपए बरामद किये हैं। मौके से एक महिला सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को लगातार नगर के विभिन्न हिस्सों में नशे की दवाओं की बिक्री किए जाने तथा चरस गांजा सहित अन्य नशीले पदार्थ की बिक्री की सूचना लगातार मिल रही थी। सोमवार को बंडिया क्षेत्र के लोगों ने किच्छा पुलिस को सूचना दी कि क्षेत्र में दो युवकों द्वारा घर से नशीली दवाओं सहित तमाम नशीले पदार्थों का व्यापार किया जा रहा है। सूचना पर कोतवाली पुलिस ने घर में छापेमारी करते हुए सुरेंद्र उर्फ रिंकू पुत्र स्वर्गीय कुलवंत सिंह निवासी वार्ड नंबर 5 बंडिया भट्टा, वीरेंद्र सिंह पुत्र स्व. कुलवंत सिंह निवासी वार्ड नंबर 5 तथा बलजीत कौर पत्नी सुरेंद्र सिंह उर्फ रिंकू को मौके पर ही नशीले पदार्थो सहित गिरफ्तार कर लिया । चेकिंग के दौरान घर से भारी मात्रा में नशे के कैप्सूल बरामद किए। बरामद किए गए नशीले पदार्थों में क्लोनेजपैम टेबलेट आईपी की 1500 गोलियां टैबलेट आईपी वार्नर के छोटे बड़े 16 पत्ते तथा 82 गोलियां हेल्पर जॉब टैबलेट 1 ग्राम के छोटे बड़े 17 पत्ते 120 गोलियां बरामद की गई । पुलिस द्वारा यहां पर किसी भी अन्य नशे की सामग्री पाए जाने का उल्लेख नहीं किया है। जबकि आसपास के क्षेत्र के लोगों का कहना है कि इसमें चरस गांजा जैसा जैसी सामग्री भी आसपास लोगों में लोगों द्वारा इस्तेमाल की जा रही है। पुलिस ने नशीले पदार्थ की बिक्री का अभियोग पंजीकृत करते हुए अपराध की विभिन्न धाराओं में 402 /24, 8 / 22 एनडीपीएस के तहत आरोपियों पर मुकदमा पंजीकृत किया है।

## आपत्तिजनक टिप्पणी पर भड़के मुस्लिम समाज के लोग

किच्छा(उद संवाददाता)। मुस्लिम समुदाय के सैकड़ों लोगों ने भारत के महामहिम राष्ट्रपति को एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी किच्छा के माध्यम से प्रेषित कर यति नरसिंहानन्द गिरी के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है । सैकड़ो लोग जुलूस के रूप में उप जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंचे तथा वहां पर प्रदर्शन किया। यती नरसिंहानंद गिरी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। नारेबाजी के दौरान नरसिंहानद गिरी को फांसी दो के नारे भी



लगाए गए। सर तन से जुदा का भी नारा लगाया गया। मुस्लिम समुदाय के लोगों का कहना था कि यती नरसिंहा नंद गिरी द्वारा अपने साथियों के साथ वीडियो बनाकर इस्लाम धर्म के पैगम्बर मोहम्मद साहब पर आपत्ति जनक टिपणी व अमर्यादित शब्द बोल कर समाज व इस्लाम और मोहम्मद साहब को फॉलो करने वाले लोगों को काफी पीड़ा पहुंचाई है। ज्ञापन में कहा गया हैं कि दिन प्रतिदिन कोई न कोई इस्लाम धर्म व इस्लाम धर्म के पैगम्बर मोहम्मद साहब को लेकर आपत्ति जनक टिपणी कर वीडियो बना कर माहोल खराब कर रहा है। कुछ दिन पहले सोशल मीडिया के माध्यम से ज्ञात हुआ है कि जिला बदर अपराधी अन्नू चौधरी द्वारा सोशल मीडिया पर (शेष पृष्ठ सात पर)

# मेरा आपकी कृपा से, सब काम हो रहा है

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शारदीय पावन नवरात्रि के पांचवें दिवस पर श्री दुर्गा मंदिर में माता के अर्द्धरात्रि जागरण में मां की महिमा का गुणगान किया गया । अर्द्धरात्रि जागरण का चावला, जक्ष चावला आदि से मां की पूजा अर्चना कराई गई। तत्पश्चात भजन गायक कलाकार अमित अरोरा व रमेश राठौर ने गुरू वंदना, गणेश वंदना गाकर भवन में फूलों की वर्षा करवाई।भजन हो न जावीं डावां डोल, माईये नी सुन माईए अगर हो हुकम तेरा दर्शन नू आईये, सुख दी पौड़ी ते चढ़ते जाणा है, मां जीवां जीवां तेरा नाम लेंदे तरदे जाणा है, अज मैं कमली हो जाणा भरनी नहीं असी मंगदे रहणा है आदि भजन सुनाकर उपस्थित सभी भक्तों को भक्ति में मग्न कर दिया। अंत में प्रात: आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान हरीश धीर, रेनू साहनी, हरीश अरोरा, कमल, चेतन धींगरा, नितिन अरोरा, यश तनेजा, अलका तनेजा, सोनिया अरोरा, पूनम नागपाल, मोहित अरोरा, दिनेश गुप्ता, गौरव शर्मा, प्रदीप मदान, श्यामलाल वेद ठुकराल, सतीश धीर,सुमन मदान, रानी अरोरा, वर्षा, राधा रानी, विद्या विरमानी, राजरानी, अंजू ठक्कर, ज्योति नारंग, रक्षा अरोरा, संतोष कक्कड़, आस्था नागपाल, रिक्कल बांगा, किरन धीर,





शुभारम्भ पंडित नवीन शास्त्री द्वारा जजमान नीरू चावला, अजय चावला, प्रिया चावला, साहिल चावला, वंदना चावला, अंकित चावला, महक चावला, मानिक चावला रिद्धिम गायक रितेश मनोचा ने जग उत्ते ऊंची शान बाकी है,रख लवीं तूं गरीबां दी शान बाकी है, बोलो जयजय मां खुशियां दे दी चौकी हमने कराई, जय माता दी बोल भगता, जय बोलने वेले नचदी नचदी ने, मेरा आपकी कृपा से सब काम हो रहा है, श्री राधे राधे जपो चले आयेगे बिहारी, वृंदावन का कण कण बोले जय राधा राधा, तूं देती जा मां असी मंगदे रहणा है साड़ी नीयत अरोरा, देवेन्द्र कुकरेती, गुरूशरण बब्बर, किशनलाल नारंग, पवन गाबा, राजेश पोंपली, अनिल ईश्पुजानी, नीलम ईश्पुजानी, सुश्री दीक्षित, जुगनू, राजीव मदान, इन्द्रजीत अरोरा, योगेश मदान, गुलशन गोयल, ब्रजभूषण ठक्कर, मनीष गोस्वामी, नीरज ब्त्रा, सोनू अनेजा, हरीश गुम्बर, निखिल गोयल, रजनी नारंग, सविता गुप्ता, गीता गुप्ता, किशन मुरारी धीर, संजय कोहली, बबीता ठुकराल, कोनिका धीर, नीलम अरोरा, नीतू अरोरा, आशा गाबा, कमल चिलाना, दीपक अरोरा, अमन घीक, अशोक आनन्द, शिखा, सिम्मी साहनी, सावित्री गुप्ता, मंजू बब्बर आदि मौजूद थे।

## रोषित ग्रामीणों ने एसएसपी को सौंपा ज्ञापन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पर्वतीय युवा शक्ति समिति विजय नगर जय नगर के बैनर तले अने ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एसएसपी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें मुख्य रूप से दिनेशपुर मार्ग पर पार्किंग यार्ड को हटाने,जयनगर में रिपोर्टिंग पुलिस चौकी खोलने, विगत दिवस ट्रक की टक्कर से मृतक युवक के परिजनों को उचित मुआवजा देने, ग्रामीणों से अभद्रता करने वाले दरोगा के खिलाफ कार्रवाई करने और मार्ग पर भारी वाहनों का प्रवेश बंद करने की मांग की गई है। उनका कहना है कि मार्ग पर भारी वाहन तेज गति से चलते हैं जिससे हमेशा दुर्घटना का भय बना रहता है। वहीं क्षेत्र में वायु प्रदूषण भी बढ़ता जा रहा है। इस दौरान कुंवर सिंह नेगी, गोकुल चन्द्र, चन्द्रशेखर, रामगोपाल, दिनेश, केशव सिंह, भुवन चन्द्र , ठाकुर सिंह, योगेश वर्मा व किशोर हाल्दार आदि मौजूद रहे।

## शोहदे ने युवती से सरेआम की बदसलूकी, केस दर्ज

काशीपुर( उद संवाददाता)। आईटीआई थाना क्षेत्र में इन दिनों लापरवाह पुलिसिंग के चलते अराजक तत्वों के हौसले बुलंद है। ताजा मामले में रास्ते से होकर गुजरने वाली एक युवती से शोहदे ने मौका पाकर छेड़छाड़ की। शरीर के संवेदनशील अंगों पर हाथ लगाने के साथ ही उद्दंडता की हदें पार करते हुए उसने युवती का रास्ता रोककर शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाया। कहा कि शारीरिक संबंध बना ले तुझे रखैल बनाकर रखूंगा और यदि विरोध किया तो तेरे जीजा और उसके परिवार का काम तमाम कर दिया जाएगा। इस घटना के बाद दहशत में पीड़िता के पैरों तले जमीन खिसक गई। जाति सूचक शब्दों के साथ-साथ युवती जब मान मर्दन नहीं सह पाई तो उसने मामले की जानकारी परिजनों को दी। अनहोनी की आशंका से ग्रसित पीडित परिजनों के साथ न्याय की गुहार लगाने आईटीआई थाने पहुंचे लेकिन थाने में मौजूद मित्र पुलिस के अधिकारियों ने पीड़िता को बैरंग लौटा दिया। हालिया घटनाक्रम का जिक्र करते हुए पीड़िता ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि बीते 6 मार्च को दोपहर लगभग 1:30 बजे ग्राम दोहरी परसा, गन्ना अनुसंधान केंद्र कॉलोनी थाना आईटीआई निवासी शिवम यादव पुत्र जीवित यादव अचानक उसके घर में घुस आया और बलपूर्वक दुष्कर्म करने की कोशिश की। विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी गई। यहां तक की जिले की वरिष्ठ पुलिस अधिक्षक ने भी उत्पीड़न की शिकार युवती को न्याय दिलाने से इनकार कर दिया फल स्वरुप पिता ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। न्यायालय मामले को गंभीरता से लेते हुए आईटीआई पुलिस को आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत करने के निर्देश दिए हैं।

## रावण ने किया सीता हरण,राम हुए व्याकुल

### शबरी से हुई भेंट,हनुमान जी बने माध्यम तो दुख हरने को सुग्रीव बने मित्र

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। इंदिरा कालोनी में श्री शिव नाटक क्लब द्वारा आयोजित रामलीला मंचन के नवें दिन लीला का शुभारंभ जे पी एस कलर लब गांधी, राजीव अरोरा का भी सानिध्य प्राप्त हुआ। सोनू गगनेजा ने प्रभु राम की चर्चा करते हुए कहा की प्रभु राम का नाम लेने मात्र से ही समस्त कष्ट दूर हो जाते हैं राम रहने चाहिए,उन्होने श्री शिव नाटक क्लब को बधाई देते हुए आभार व्यक्त किया और भविष्य मे और अछे आयोजन हेतू अपनी शुभकामनाएँ प्रेषित की ।जगदीश के प्रति क्या कर्तव्य होता है ये सभी हम रामलीला के मंचन से सीख सकते हैं, उन्होने श्री शिव नाटक क्लब को इस भव्य आयोजन हेतु बधाई दी। श्री शिव नाटक





के एम डी जगदीश टंडन एवं गगनेजा प्रॉपर्टीस के स्वामी सोनू गगनेजा, समाजसेवी सुरेश (बाबू) ढींगरा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया, उनके साथ बलजीत सिंह गाबा,सोनू का नाम एक ऐसा नाम है जिसके सिमरन से मनुष्य के जीवन से सारे कष्ट दूर हो जाते हैं और जीवन भाव से पार हो जाता है,सांस्कृतिक विरासत को बनाए रखने के लिए इस प्रकार के आयोजन हमेशा होते टंडन ने ने प्रभु राम की चर्चा करते हुए कहा श्री रामलीला का मंचन हमारे जीवन को जीने का आदर्श बताता है कि किस प्रकार एक भाई का भाई के प्रति, पत्नी का पति के प्रति और पुत्र का माता पिता क्लब के पदाधिकारियों द्वारा सभी अतिथियों का पटका पहनाकर एवं बैच लगाकर स्वागत किया गया एवं उनको स्मृति चिन्ह भेंट किया गया ।रामलीला के मंचन में स्वर्ण मृग, लक्ष्मण सीता संवाद, रावण का साधू भेष में सीता का हरण, जटायु वध,प्रभु राम जी की शबरी से भेंट,राम सुग्रीव मित्रता तक की लीला का मंचन किया गया, जिसमें राम की भूमिका गौरव अरोरा,लक्ष्मण रवि कक्कड़,सीता बंटी कक्कड़,रावण जीतू गुलाटी,साधू रावण नरेश घई,जटायु केशव नारंग,शबरी सन्नी घई,सुग्रीव विशान्त भसीन,हनुमान की भूमिका सन्नी कक्कड़ ने निभाई, मंच संचालन जॉली कक्कड़ द्वारा ने किया । आज रात्रि के मंचन मे बाली वध,सीता की खोज,अशोक वाटिका,रावण सीता संवाद,हनुमान जी द्वारा अशोक वाटिका को उजाड़ना, अक्षय कुमार वध एवं मेघनाद द्वारा हनुमान को ब्रहम फांस में बांधना तक दिखाया जाएगा।

## रामलीला से मिलती है मर्यादापूर्ण जीवन की सीख: सुखीजा




गदरपुर (उद संवाददाता)। आवास विकास में श्री शिव पार्वती रामलीला कमेटी के माध्यम से कराई जा रही रामलीला में भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे जिस पर कमेटी के सदस्यों द्वारा उनका आदर सत्कार किया गया। इस अवसर पर गुंजन सुखीजा ने कहा कि रामलीलाओं के माध्यम से आने वाली पीढी हमारी संस्कृति हमारा धर्म और प्रभु राम की मर्यादा जैसी चीजे सीख रही है जिससे समाज का कल्याण होना संभव है और आज के मंचन में लक्ष्मण सूर्पनखा संवाद लक्ष्मण की भूमिका में ओमकार सूर्पनखा की भूमिका में विशाल रस्तोगी ने अच्छा अभिनय किया। गुंजन सुखीजा के साथ मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, विजय सुखीजा और यूनिवर्सल ओवरसीज के म डी सचिन गुंबर, सिमरनजीत सिंह, विशाल हुडिया, मुख्तयार सिंह, विनोद हुडिया, सौरभ बांगा (सनसिटी बिल्डर्स), अमित खुराना को भी सम्मानित किया गया। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष रमन छाबड़ा, महामंत्री संत लाल हुड़िया, कोषाध्यक्ष राज गुम्बर, विजय सुखीजा मदन हुड़िया, विकास तनेजा, संजीव नागपाल, मदन हुड़िया, सागर गाबा, हन्नी सुखीजा, विरेन्दर गगनेजा, हरीश रल्हन, मनोज गुम्बर, दीपक बेहड़, महावीर दल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नीरज गुम्बर, महामंत्री आकाश कोचर, किशन गुप्ता, सचिन गुप्ता, रिजवान अली, विप्लव कुमार, रिंकू शर्मा, अंकित मदान, कमल मिगलानी, गोलू कालरा, राजकुमार कालरा, अशोक छाबड़ा, कपिल कुमार,परमजीत सिंह पम्मा कुणाल रस्तोगी अर्जुन खुराना सागर गाबा हनी सुखीजा इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## सूर्पनखा बने विशाल सक्सेना के किरदार की लोगों ने की सरहाना

गदरपुर। आवास विकास शिव पार्वती रामलीला में सोमवार को कलाकारों ने रामलीला का सुंदर मंचन कर सभी का मन मोह लिया सूर्पनखा का किरदार विशाल सक्सेना के अभिनय को देखकर दर्शक मंत्र मुक्त हो गए। शिव पार्वती रामलीला का मैदान श्रद्धालुओं से खचाखच भरा हुआ नजर आया। बता दें कि विशाल सक्सेना ने वर्ष 2000 से रामलीला में सेवा करने का मन बनाया था और अब वर्ष 2024 आ गई है इन 24 सालों में विशाल सक्सेना द्वारा काफी रोल किए गए जैसे सुमित्रा, बांदी,सीता, मंत्रा और अब सूर्पनखा विशाल सक्सेना ने रामलीला में गदरपुर,रुद्रपुर, महेशपुर, केलाखेड़ा, जाफरपुर, जगह पर जाकर भी कई अहम किरदार किए। जिन्हें देखकर लोग तालियां बजाने पर मजबूर हो गए। सोमवार को गदरपुर आवास विकास शिव पार्वती रामलीला में भी सूर्पनखा के किरदार पर लोगों ने जमकर तालियां बजाई और विशाल सक्सेना के सूर्पनखा वाले किरदार की सराहना की।

# रावण ने किया सीता का हरण, खोज में निकले प्रभु राम

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्राचीन श्री रामलीला मैदान में गत दिवस दिन की लीला में सूर्पनखा रावण संवाद, मारीच रावण संवाद, सीता हरण, जटायु उद्धार तथा सीता खोज की लीला का सुंदर प्रदर्शन किया गया। जबकि रात्रि लीला में राज्याभिषेक घोषणा, दशरथ कैकई संवाद, राम वनागमान, केवट संवाद का मंचन श्री राधा रसिक बिहारी लीला संस्थान वृंदावन के व्यास जानकी दास द्वारा किया गया। लक्ष्मण के हाथों कटी हुई नाक लेकर सूर्पनखा लंकाधिपति रावण के पास पहुंचती है और पूरा प्रकरण रावण को सुनाती है जिस पर रावण क्रोधित होकर अपने मामा मरीज से कहता है कि आप स्वर्ण हिरण का रूप धारण करके पंचवटी के आसपास विचरण कीजिए। मारीच सोने के हिरण का रूप बनाकर पंचवटी के सामने से निकलता है, जिसे देखकर माता सीता बहुत हर्षित होती हैं और भगवान श्री राम से कहती हैं मुझको यह स्वर्ण हिरण चाहिए माता सीता की इच्छा को जानकर भगवान राम स्वर्ण हिरण रूपी मारीच के पीछे-पीछे जंगल में चले जाते हैं और जब उसको भगवान राम का तीर लगता है तो वह जोर से चिल्लाता है





हाय लक्ष्मण हाय लक्ष्मण। माता सीता जब यह सुनती हैं तो उनको लगता है कि भगवान श्री राम पर कोई विपत्ति आई है, और वह लक्ष्मण जी से भगवान राम के पीछे जाने के लिए जिद करती हैं ।माता सीता की जिद को देखकर लक्ष्मण जी पंचवटी में कुटिया के चारों तरफ लक्ष्मण रेखा खींच देते हैं और कहते हैं कि आप किसी भी कीमत पर इस लक्ष्मण रेखा को मत पार करना और भगवान राम की आवाज जिस दिशा से आती है उधर श्री लक्ष्मण जी चल देते हैं। कुछ देर बाद रावण ब्राह्मण का रूप करके वहां पर भिक्षा मांगने कुटिया के समक्ष आता है और लक्ष्मण रेखा को देखकर चालाक रावण सीता जी से उस रेखा से बाहर आकर भिक्षा देने के लिए कहता है। जैसे ही सीता जी लक्ष्मण रेखा को पार करती हैं रावण माता सीता का हरण करके ले जाता है। रास्ते में गिद्धराज जटायु जब यह देखते हैं कि माता सीता को दुष्ट रावण हर के ले जा रहा है तो वे सीता जी को छुड़ाने के लिए रावण पर हमला कर देते हैं। एक पल के लिए रावण उनके हमले से मूर्छित हो जाता है लेकिन तुरंत ही मूर्छा से उठने के बाद वह गिद्धराज जटायु के पर काट देता है और मरणासन्न स्थिति में छोड़कर सीता जी को लेकर लंका चला जाता है। माता सीता जी की खोज करते हुए जब भगवान श्री राम और लक्ष्मण जी जंगल में जटायु जी के पास पहुंचते हैं तो जटायु द्वारा यह बताया जाता है कि माता सीता को हरण करके रावण लंका लेकर गया है और उसके बाद जटायु जी राम जी की गोद में अपना शरीर छोड़ कर परमगति को प्राप्त होते हैं। भगवान श्री राम जटायु जी का अंतिम संस्कार अपने हाथों से करके सद्गति प्रदान करते हैं और सीता माता की खोज को आगे की तरह बढ़ जाते हैं। लीला में संचालन समिति से एनबी गुणवंत, साकेत अग्रवाल, प्रेम गुप्ता, भवानी शंकर नीरज, राजेंद्र अग्रवाल, अरुण अग्रवाल आदि ने गणमान्य नागरिकों का अभिनंदन किया। रामलीला मैदान में शेखर गर्ग ने फोटोग्राफी तथा संजय गोयल, वासु बिष्ट, तुषार सोनकर, सचिन आदि ने व्यवस्था सेवा दी।मुख्य अतिथि सुरेश अग्रवाल, आलोक शारदा, सौम्या अग्रवाल, अग्रवाल सभा अध्यक्ष नीरज प्रभात गर्ग, मनोज अग्रवाल, अमित अग्रवाल ,अनिल अग्रवाल, देवेश अग्रवाल सिस्टर मैथ्यू , कृष्ण चंद्र बेलवाल, आनंद भाकुनी आदि रहे।

## नवरात्र उत्सव में भजनों से भक्तिमय हुआ माहौल

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। कौशल्या एन्क्लेव फेस-2 में आयोजित नवम वार्षिक शारदीय नवरात्र उत्सव में पहुंचकर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने पूजा अर्चना कर सभी के लिए



सुख समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में पहुंचने पर आयोजकों ने विधायक का स्वागत करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि मां दुर्गा ने आसुरी शक्तियों का नाश किया था। दुर्गा पूजा में हमें भी अपने भीतर की बुराईयों को नाश करने का संकल्प लेना चाहिए तभी दुर्गा पूजा का आयोजन सार्थक होगा। श्री ठुकराल ने कहा कि दुर्गा पूजा का पर्व हर साल धूमधाम से मनाया जाता है, आज युवा पीढ़ी को अधिक से अधिक ऐसे पर्वों से जोड़ने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि धार्मिक पर्व समाज को नई दिशा प्रदान करते हैं और मन में नई उर्जा का संचार करते हैं। शक्ति की देवी मां दुर्गा की पूजा अर्चना का नवरात्र में विशेष फल मिलता है। कार्यक्रम में भजन गायकों ने सुंदर भजनों की प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर समाजसेवी संजय ठुकराल, राजीव चावला, ललित सिंह बिष्ट, समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र गंगवार, जयंत हालदार, गोपाल नेगी, ओम प्रकाश कुमावत, सुनील राणा, बृजेश कुमार सिंह, रणधीर सिंह, सोनू वर्मा, नंदकिशोर शर्मा, विनोद यादव, उमेश चौहान, राजेश धीमान, कमल लोहनी, नरदीप दुबे, सुनील बहुगुणा, पंकज पालड़िया, देवेंद्र सिंह, विक्रम मटेला, हैप्पी चौहान, विशाल कोली आदि समेत कई लोग मौजूद थे।

## मां जगदम्बा की पूजा के साथ माता पिता का भी करें सम्मान

रामनगर (उद संवाददाता)। प्रेमावतार, युगदृष्टा, श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर संत स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने यहां श्री हरि कृपा आश्रम में उपस्थित विशाल भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहां कि मां जगदम्बा की पूजन आराधना के साथ-साथ जन्म देने वाले माता पिता का भी सम्मान करना चाहिए। उनका अनादर व उपेक्षा मत करना। बचपन में मां ने तुम्हें पाला बुढ़ापे में यदि तुमने ना संभाला तो याद रखो तुम्हारे भाग्य में भी ज्वाला भड़केगी। तुम अपने बच्चों से प्यार, सम्मान व सेवा चाहते हो तो जिनके तुम बच्चे हो वो भी चाहते होंगे। मां बाप के आशीर्वाद, बड़ों की सेवा व उनका सम्मान करने से आयु, विद्या, यश, बल स्वाभाविक मिलते हैं। ईश्वर की कृपा हमारे पास है, गुरु की कृपा हमारे पास है, लेकिन बड़ों के आशीर्वाद का महत्व भी कम नही है। तुम्हारे कारण यदि तुम्हारी मां बाप की आंखों में दुख के आंसू आए



तो सोच लो तुम्हारा सारा कर्म धर्म उन आंसूओ मे बह जाएगा। उन्होंने कहा की मां संसार में प्यार का साकार रुप ही होता है बिना मां का घर व घर बिना मां के दोनों ही संसार की बड़ी कारूणिक स्थितियाँ है। जीवन में अंधेरे पथ में सूरज बनकर रोशनी करने वाले मां बाप की जिंदगी में अंधकार मत फैलाना। आज तुम जो कुछ भी हो मां की बदौलत हो क्योंकि उसने तुम्हें जन्म दिया। अपने दिव्य व ओजस्वी प्रवचनों में उन्होंने कहा कि दुश्मन को हराने वाले से भी महान वह है जो उसे अपना बना ले। उन्होंने अपने दिव्य व ओजस्वी प्रवचनों से सभी हरि भक्तों को मंत्र मुग्ध व भाव विभोर कर दिया। सारा वातावरण भक्तिमय हो उठा तथा ष्श्री गुरु महाराजष ष्कामां के कन्हैयाष व ष्लाठी वाले भैय्याष की जय जय कार से गूंज उठा। महाराज श्री के दर्शन करने के लिए दूर दूर से बड़ी संख्या में हरि भक्त पहुंच रहे हैं।

## रावण मरीज संवाद और सीता हरण का मंचन

गदरपुर (उद संवाददाता)। श्री रामलीला अनाज मंडी में सोमवार रात्रि मुख्य दृश्य रावण का दरबार, रावण मारीच संवाद, सीता हरण, सीता की खोज, जटायु वध को दर्शाया गया। रावण की अद्भुत भूमिका निभा रहे श्री राम नाट्य कला परिषद के उपनिर्देषक सिद्धार्थ भुसरी ने दृश्य को शोभायमान किया और अपनी कलाकारी से दृश्य को और भी आकर्षक बनाया। श्रीराम की भूमिका में रोहित पोपली, सीता जी की भूमिका में गुलशन शर्मा, लक्ष्मण जी की भूमिका में कशिश खुराना मारीच की भूमिका में सुनील कालड़ा, साधु रावण की भूमिका में राज



कुमार भुड्डी, जटायु की भूमिका में गोविंद, श्री रामलीला अनाज मंडी के मंचन में करुणा, भाव, एवम गरिमा झलकती है जिसे देखने श्रद्धालु दूर दूर से आते है इस दौरान रामलीला कमेटी के अध्यक्ष रविंद्र बजाज महामंत्री अशोक धीर कोषाध्यक्ष कृष्ण लाल अनेजा सहित सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## किच्छा की रामलीला में हुआ भरत मिलाप

किच्छा (उद संवाददाता)। शहर में रामलीला से माहौल राममय है। नगर की प्रमुख पुरानी गल्ला मंडी में चल रही रामलीला में केवट प्रभु राम को गंगा पार कराते है भरत- शत्रुघ्न को ननिहाल से बुलाने, दशरथ की मृत्यु, राम से मिलने वन को जाना, राम-भरत मिलाप और भरत के खड़ाऊं लेकर वापस अयोध्या रवाना होने के दृश्यों का मंचन किया गया। भरत पिता का अंतिम संस्कार करके तीनों रानियों के साथ वन जाते हैं। चक्रवर्ती सेना और भरत को आते देख लक्ष्मण आग बबूला होकर राम के पास आते हैं और कहते हैं कि भरत बड़ी सेना के साथ हमारी ओर बढ़ रहा है। तभी श्री राम मुस्कुराते हुए कहते हैं ठहर जाओ।



अनुज... भरत को आने तो दो। भरत राम के चरणों में गिरकर क्षमा याचना करने लगते हैं। दोनों की आंखों से अश्रुओं की धारा बहने लगती है। उसके बाद भरत बताते हैं कि अब हमारे बीच पिता श्री नहीं रहे। यह शब्द सुनकर श्रीराम और सीता, लक्ष्मण शोकाकुल हो जाते हैं इस मौके पर रामलीला कमेटी के सरक्षक लक्ष्मी नारायण अग्रवाल डब्बू अग्रवाल अनुज सक्सेना अंशुल गंगवार दुली चंद ओम अग्रवाल रिंकल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## गन्ने का पैदावार बढ़ाने के लिए किसानों को करें प्रेरितः सीडीओ

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।जनपद में घटते गन्ने के रकबे पर संज्ञान लेते हुए मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने विकास भवन सभागार में गन्ना एवं



कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक लेते हुए जनपद में कृषकों को गन्ने का पैदावार बढाने हेतु जागरूक व प्रेरित करने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि लोगों को मुख्यमंत्री राज्य कृषि विकास योजना, पंचवर्षीय योजना एवं राष्ट्रीय विकास योजना आदि की जानकारी देते हुए गन्ना कृषकों को योजनाओं से जोड़ उन्हें लाभान्वित करें। उन्होंने कहा कि गन्ने का रकबा घटने के कारणों पर गहन समीक्षा करें व रकबा बढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएं, इसमें प्रशासन का पूर्ण सहयोग कृषि विभाग व कृषकों के साथ है। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उन्नत किस्म के बीज पैदा करने, सब्सिडी पर कृषि यंत्र उपलब्ध कराने तथा गन्ने की फसल को अधिकाधिक क्षेत्रफल में उगाने के लिए कृषकों एवं कृषक समूहों के साथ समन्वय करने के निर्देश अधिकारियों को दिए ताकि कृषकों का रूझान गन्ने की फसल की ओर बढ़े। उन्होंने कहा कि समर पैडी अर्थात ग्रीष्मकालीन धान की खेती को कम करने हेतु किसानों को प्रेरित किया गया है, अतः उन्हें गन्ने की फसल को विकल्प के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित करें। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि रोस्टर बनाकर ग्रामों मे गोष्ठियों का आयोजन कर किसानों को गन्ने की फसल से होने वाले लाभ के प्रति जागरूक करें। बैठक में मुख्य कृषि अधिकारी डॉ अभय सक्सेना, सहायक गन्ना आयुक्त आशीष नेगी, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक गौतम नेगी, ऊदल सिंह, महेश प्रसाद , राकेश कुमार, तेजपाल सिंह आदि उपस्थित थे।

## दर्जनों महिलाओं को दिलाई कांग्रेस की सदस्यता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष, श्रीमती मीना शर्मा ने अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के निर्देशानुसार देशभर में चल रहे महिला कांग्रेस के डिजिटल सदस्यता अभियान के अंतर्गत भूत बंगला में भी बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं को महिला कांग्रेस की डिजिटल सदस्यता ग्रहण कराई। इस अवसर पर महिलाओं ने प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा का फूलमालाएं पहनाकर एवं बुके प्रदान कर उनका भव्य स्वागत किया। यहां श्रीमती शर्मा ने महिलाओं को अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के निर्देशानुसार शुरू किए गए महिला कांग्रेस के डिजिटल सदस्यता अभियान के बारे में विस्तार से अवगत कराया। श्रीमती शर्मा ने कहा कि वह नगर पालिका अध्यक्ष रहते हुए हजारों महिलाओं को सशक्त,आत्मनिर्भर और उन्हें अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए विभिन्न योजनाएं चलाती रही हैं, आज भी उनके द्वारा महिलाओं को मजबूत करने



के लिए अनेकानेक प्रयास किये जा रहे हैं, उन्होंने कहा कि जो भी महिलाएं,आज महिला कांग्रेस से जुड़ रही हैं, वह उनको विश्वास दिलाती है कि उनकी कोई भी समस्या को लेकर वह चुप नहीं बैठेगी। उन्होंने उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की ऊर्जावान, और संघर्षशील अध्यक्ष ज्योति रौतेला की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में उत्तराखंड में भी महिलाएं लगातार महिला कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर रही है, जिसका लाभ आगामी निकाय चुनाव और विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मिलेगा। कार्यक्रम में फरहा, परवीन, गुलमेरा, अनीसा बेगम, रईसा बेगम,शानू, मरियम,जुबैदा बेगम,फातमा जहां, तबस्सुम,सहित कांग्रेस नेता आजम खान,जाकिर खान,ताहिर खान,आदि सहित बड़ी संख्या में अन्य महिलाएं उपस्थित थी ।

# साधू के वेश में रावण ने किया सीता हरण


## खर दूषण वध, स्वरूपनखा नकटी, रावण मारीच संवाद, जटायु पर हमले की लीला का हुआ मंचन





रूद्रपुर(उद संवाददाता)।मुख्य रामलीला में विगत रात्रि खर-दूषण की खरमस्तियां, स्वरूपनखा नकटी, खर-दूषण वध, सरूपनखा का रावण दरबार पहुंचना, रावण का सीता हरण करनें का फैसला लेना, रावण-मारीच संवाद, मारीच का स्वर्ण मर्ग बनकर पंचवटी पहुंचना, लक्ष्मण रेखा, सीता हरण व रावण द्वारा जटायु को घायल करनें तक की लीला का का मंचन हुआ। विगत रात्रि की रामलीला का उद्घाटन मुख्य अतिथि कात्यायनी मेडिकल सेंटर के डा0 अजय अरोरा एवं उनकी धर्मपत्नी भारत पैथ लैब की प्रमुख डा0 उपासना अरोरा नें दीप प्रज्जवलित कर किया। रामलीला कमेटी ने सभी अतिथिगणो को माल्यार्पण कर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मनित किया। पहले दृश्य में रावण की बहन स्वरूपनखा घूमते फिरते पंचवटी में पहुंचती है, जहां राम, सीता और लक्ष्मण ठहरें हैं। स्वरूपनखा सुंदर राजकुमारों को देखकर मोहित हो जाती है। वह दोनों राजकुमारों को बारी-बारी से रिझानें का प्रयास करती है, लेकिन असफल रहती है। खीझकर वह सीता पर हमलावर हो जाती है, तब राम के आदेश पर लक्ष्मण सजा स्वरूप उसके नाक कान काट देते है। स्वरूपनखा जंगलों में ही रहनें वाले अपने भाई खर एवं दूषण के पास पहुंचती है। दोनों भाई अपनी सेना सहित राम से युद्ध करनें के लिये पहुंच जाते है, लेकिन राम एक ही बाण में दोनों को यमलोक पहुंचा देते है। स्वरूपनखा अब लंका पहुंच जाती है और रावण से बदला लेनें की गुहार लगाती है। रावण बदला लेनें का ऐलान करता है। रात्रि में शयन करते समय उसे स्वप्न में आभास हो जाता है कि सीताजी तो साक्षात लक्ष्मी स्वरूपा हैं। रावण की निद्रा टूट जाती है। वह तय करता है कि सीता का हरण किया जायेगा। यदि सीता वास्तव में लक्ष्मी है तो उसे मुक्ति मिल जायेगी। रावण बलशाली होनें के साथ ही बुद्धिमान भी होता है। इसलिये वह अपने साथ मारीच को मिलाने की सोचता है। मारीच लाख मना करता है लेकिन रावण की शमशीर के भय से हामी भर देता है। मारीच स्वर्ण मृग बनकर पंचवटी पहुंचता है। सीता राम से स्वर्ण मृग को पकड़कर लानें की जिद करती है। राम उसे पकड़नें दौड़ते है लेकिन चपल मृग बना मारीच घने जंगलों में भागता चला जाता है । वह हाय लक्ष्मण बचाओ की आवाज लगाता है। सीता लक्ष्मण को राम के पीछे जानें की गुहार करती है। लक्ष्मण के लाख मना करनें के बावजूद सीताजी नहीं मानती। सीताजी की उलाहना से तंग आकर लक्ष्मण एक रेखा खींचकर सीता को उसके भीतर रहनें की हिदायत देकर वनों में चला जाते है। लक्ष्मण के जाते ही रावण साधू रूप धरकर पंचवटी पहुंचता है। लक्ष्मण रेखा को पार करनें का प्रयास करते ही रेखा की अग्नि रावण को चेताती है। रावण बाहर आसन जमा लेता है और राम को श्राप देंनें की धमकी देकर सीता को डरा देता है। भयभीत सीता के बाहर आते ही रावण अपनें असली रूप में आ जाता है और सीता को हर कर ले जाता है। जटायु जब उसे रोकनें की कोशिश करता है तब रावण उसे भी गंभीर रूप से घायल कर देता है। गणेश भगवान की भूमिका में आशीष ग्रोवर, राम की भूमिका में मनोज अरोरा, सीता की भूमिका में दीपक अग्रवाल, लक्ष्मण की भूमिका में राजकुमार कक्कड़, रावण की भूमिका में विशाल भुड्डी, सूर्पनखा की भूमिका में सचिन मुंजाल, खर-मनोज मुंजाल, दूशण-गर्वित मुंजाल, मारीच की भूमिका में मोहन लाल भुड्डी, विभीषण सचिन आनन्द, मेघनाद- वैभव भुड्डी, जटायु की भूमिका में गोला ईदरीसी नें शानदार अभिनय कर उपस्थित जनसमूह का दिल जीत लिया। संचालन मंच सचिव विजय जग्गा व संदीप धीर नें किया। इस दौरान श्रीरामलीला कमेटी के अध्यक्ष पवन अग्रवाल, महामंत्री विजय अरोरा, कोशाध्यक्ष अमित गंभीर, समन्वयक नरेश शर्मा, अमित अरोरा बोबी, राजेष छाबड़ा, जगदीश टंडन, अशोक गुम्बर, राजकुमार खानिजों, महावीर आजाद, राकेश सुखीजा, कर्मचन्द राजदेव, हरीश अरोरा, सुभाष खंडेलवाल, गौरव तनेजा, सुरेष बब्बर, सुशील गाबा, प्रेम खुराना, संजीव आनन्द, आशीष ग्रोवर आषू, हरीश सुखीजा, गौरव राज बेहड़, सौरभ राज बेहड़, विजय विरमानी, मनोज गाबा, अमित चावला, आषीश मिड्ढा, सुभाश तनेजा, पुलकित बांबा, सुमित आनन्द, वैभव भुड्डी, राजेष पप्पल, रोहित नागपाल, अमन गुम्बर, सन्नी आहूजा अमित वर्मा, कपिश सुखीजा, बिट्टू ग्रोवर, रवि अरोरा, चिराग कालड़ा, रोहित जग्गा, सचिन तनेजा, वैभव ग्रोवर, अषोक भल्ला, बल्लू घीक, अभिशेक खेड़ा, विजय चिलाना, आषू गंभीर, पारस अरोरा, समप्रीत ग्रोवर, आलोक कालड़ा, सचिन गुम्बर आदि उपस्थित थे।





## सीता लक्ष्मण के रूप में जग्गा व कक्कड़ ने खूब बटोरी तालियां

रूद्रपुर । नगर की मुख्य श्री रामलीला में सीता की भूमिका निभा रहे गौरव जग्गा और लक्ष्मण की भूमिका निभा रहे राजकुमार कक्कड़ के अभिनय की दर्शकों ने खूब सराहना की। सीताहरण से पूर्व सीता-लक्ष्मण संवाद के दौरान दोनों ही कलाकारों ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। श्री जग्गा और कक्कड़ पिछले 27 वर्षो से प्रभु श्री राम के काज में अपना सहयोग करते हुये अभी तक कई किरदारों को कर चुके है। श्री कक्कड़ लक्ष्मण का किरदार कुछ वर्षो बाद कर रहे है। श्री कक्कड़ द्वारा लक्ष्मण का किरदार बहुत ही बखूबी निभाया गया। सीता-लक्ष्मण संवाद के दौरान दोनों कलाकारों के अभिनय की दर्शकों द्वारा खुलकर तारीफ की।



## पिता और पुत्र की दो जोड़ियों नें अपने अभिनय से बिखेरा जलवा

रूद्रपुर। श्रीरामलीला मंचन में आज मोहन लाल भुड्डी एवं विशाल भुड्डी की जोड़ी नें रावण मारीच संवाद में शानदार जुगलबंदी पेश की। दोनों वरिष्ठ कलाकारों नें अपनी विषिश्ट अभिनय षैली में अदा किये गये संवादों से जमकर तालियां बटोरी। अनेकों बार एकसाथ अभिनय कर चुकी इस जोड़ी नें हर संवाद को बहुत सधे हुये अभिनय के साथ प्रस्तुत किया। दूसरी जोड़ी खर दूशण में मनोज मुंजाल एवं उनके पुत्र गर्वित मुंजाल की थी। दोनों पात्रों का अभिनय करते हुये की गयी खरमस्तियों के दृष्य को जनता के बहुत सराहा। दोनों ही पिता पुत्र को एक साथ खरमस्तियां करते एवं राम के साथ युद्ध करते देख लोगों को लगा ही नहीं कि यह दोनों पिता पुत्र है। मंच संचालक के दृष्य के बात विवरण देते समय जनता को यह बात पता लगी।



## डायरेक्टर आशीष ग्रोवर आशु का है व्यवस्था बनानें में बड़ा योगदान

रूद्रपुर। श्रीरामलीला के डायरेक्टर आशीष ग्रोवर आशु पात्रों की वेशभूषा, सामान सहित श्री गणेश वंदना से लेकर पर्दा गिरनें के बाद तक की व्यवस्थाओं के प्रमुख सूत्रधार हैं। श्री रामलीला प्रारम्भ होनें से एक माह पहले से ही मंच पर आकर व्यवस्थायें प्रारम्भ करनें, पात्रों हेतु कलाकारों के चयन, कलाकारों की रिहर्सल से लेकर वेषभूशा का कमरा खुलवाकर पुरानी ड्रैसों की मरम्मत करानें एवं दिल्ली जाकर नयी ड्रैस व सामान लानें, कमेटी के समन्यवय बनाकर लीला से संबधित समस्त योजना बनानें की जिम्मेदारी आशु ग्रोवर के कंधों पर होती है। आशु की अथक मेहनत के कारण पूरी कमेटी एवं नाटक क्लब के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य उनका पूर्ण सम्मान करते हुये उनकी बातों को गंभीरतापूर्वक मानते हैं।



## कैकई के रोल में नरेश छाबड़ा करते हैं शानदार अभिनय

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर की मुख्य रामलीला मे मंच कलाकार नरेश छावड़ा द्वारा महारानी कैकई का शानदार अभिनय किया जाता है। उनके अभिनय की दर्शकों द्वारा जमकर तारीफ की जाती हैं इसके साथ ही वह कौशल्या और शबरी का रोल भी बहुत ही निराले अंदाज में निभाते है। स्कूल में शिक्षा ग्रहण करने के दौरान ही उनका मंच पर विभिन्न पात्रों की भूमिका निभाने का लगाव रहा। वर्ष 1988 में वह पहली बार रामलीला मंचन से जुड़े। कामदेव, विश्वमोहनी, धनपालनी, सीता, श्रवण कुमार, भरत, वेदवती आदि पात्रों को अभिनीत कर चुके है। उनका मानना है कि रोल कोई छोटा या बड़ा नही होता। कलाकार को अपनी कला के माध्यम से उसे प्रस्तुत करने का एक अलग तरीका होना चाहिए। अभिनय से प्यार करने वाले नरेश छावड़ा का मानना है कि अभिनय में सुरताल का ज्ञान, आवाज का उतार चढ़ाव, गेर अफ, बॉडी लैंग्वेज का सही होना अभिनय मे चार चांद लगाता है। उन्होंने कहा है कि जब तक प्रभु राम की कृपा होगी वह अभिनय करते रहेंगे। नरेश को गायन व लेखन में भी रुचि है। हर वर्ष रामलीला मंचन के दौरान उनके अभिनय कला से दर्शक भाव विभोर हो जाते है।



## प्रभु राम व हनुमान महामिलन के मंचन के लिए विशेष तैयारियां

रूद्रपुर। श्रीराम लीला में आज प्रभु रामचन्द्र जी व उनके अनादि भक्त हनुमान के महामिलन का सुंदर दृश्य दिखाया जायेगा। आज सीताजी की खोज, राम शबरी संवाद, राम-हनुमान महामिलन, हनुमान का राम लक्ष्मण को कंधे पर बैठाकर श्रष्यमुख पर्वत पर ले जाना, राम सुग्रीव मित्रता, सुग्रीव बाली युद्ध तथा बाली वध तक की लीला का सुंदर मंचन दिखाया जायेगा। राम जी के पात्र की भूमिका में अनुभवी कलाकार मनोज अरोरा तथा हनुमान जी की भूमिका में अयोध्या तक पैदल यात्रा कर चुके सुप्रसिद्ध रामभक्त सुशील गाबा पर्दे पर आयेंगें। यह दृश्य देखनें दूर-दूर से रामभक्त आते हैं। इस वर्श भी आज की लीला हेतु कमेटी द्वारा विशेष व्यवस्था की गयी है। श्री हनुमान चालीसा के मंचन के वक्त श्री हनुमान चालीसा भी वितरित किया जायेगा।

# विधायक ने सड़क चौड़ीकरण कार्य का लिया जायजा

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा ने नगर निगम की टीम, विद्युत विभाग के अधिकारी व व्यापार मंडल पदाधिकारियों के साथ सिविल लाइन रोड का स्थालीय निरीक्षण किया। विधायक शिव अरोरा ने इस दौरान अधिकारियो को निर्देश दिये कि यह सिविल लाइन रोड अग्रसेन चौक से होते हुए नैनीताल रोड को जोड़ने वाला सम्पर्क मार्ग है, जब डीडी चौक जाम की स्थिति होती है तो यह नैनीताल रोड की ओर आने के लिये लिंक मार्ग का उपयोग बहुत बढ़ी मात्रा मे होता है, प्रतिदिन इस रोड का उपयोग बहुत बढ़ी आबादी करती है,इस मार्ग के चौड़ीकरण से यह जाम की स्थिति से निजात मिलेगी। डाक्टर कॉलोनी भी इसी क्षेत्र में आती है तो मरीजों का आवागमन भी इस जर्जर रोड के बनने से सुगम होगा। अब यह चौड़ीकरण होकर नये सिरे से



होट मिक्स मार्ग बनेगा, जिससे बजार क्षेत्र जाने के लिये यह मार्ग बहुत उपयोगी होगा ओर रोड के बीचों बीच डिवाइडर को ग्रीनरी के रूप में विकसित किया जायेगा जिससे यह मार्ग बहुत सुन्दर नजर आयेगा। विधायक शिव अरोरा ने विद्युत विभाग को अगले दो से चार दिन में पोल,ट्रांसफॉर्मर शिफ्टिंग के कार्य को तेजी से करने हेतु निर्देशित किया ।विधायक अरोरा ने एमएनए से कहा कि आगे त्योहारों को देखते हुए निर्माण कार्य को अतिशीघ्र पूरा कराना सुनिश्चित करे जिससे त्यौहार के समय मार्किट आने वाले लोगों व व्यापारी को समस्या न हों। जिसको लेकर एमएनए अश्वस्त किया कि आगामी त्यौहार से पहले ह रोड का कार्य पूर्ण करने का प्रयास किया जायेगा। विधायक शिव अरोरा ने जनता को भरोसा दिलाया। सिविल लाइन चौड़ीकरण का कार्य जल्द से जल्द पूरा होगा ओर पहले से बेहतर सुविधा के साथ इस रोड का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। इस दौरान एमएनए नरेश दुर्गापाल, एक्शन सौरभ यादव, विद्यत विभाग से एसडीओ अंशुल मदान,व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, महामंत्री मनोज छाबड़ा, कोषाध्यक्ष संदीप राव, किरन विर्क, राजेश कामरा, मनोज मदान, हर्ष रावल, मयंक कक्कड़, संतोष पाल, छितिज सेतिया, महेंद्र आर्य, डंम्पी चोपडा, मनमोहन सिंह, वासु गुम्बर, मोहित बत्रा आदि मौजूद रहे।

# भाजपा प्रदेश मंत्री ने मण्डी में धान खरीद का लिया जायजा

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। धान खरीद में आ रही दिक्कतों की शिकायत पर भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने सोमवार को बगवाड़ा मण्डी में धान खरीद केन्द्र पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों से वार्ता कर खान खरीद सुचारू कराई। धान खरीद में आ रही दिक्कतों को सोमवार विगत दिवस किसानों ने धान खरीद केन्द्र में हंगामा किया था इसकी जानकारी मिलने पर भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने सोमवार को धान खरीद केन्द्र पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर किसानों से उनकी समस्याओं को लेकर बात की और मण्डी सचिव विजयदेव सिंह, उत्तराखण्ड राज्य सहकारी संघ क्षेत्रीय प्रबंधक त्रिलोक चन्द्र पाठक, हेम चन्द्र कबड़वाल को मौके पर बुलाकर जानकारी ली और किसानों को आ रही दिक्कतों का समाधान करने को कहा। अधिकारियों ने शिकायत का सज्ञान लेकर मौके पर समस्या का निस्तारण किया जिसके बाद धान खरीद सुचारू हुई।



# ईएलपीएस में बच्चों ने रामलीला मंचन कर मोहा मन

रूद्रपुर । आवास विकास स्थित ईएलपीएस स्कूल में नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा रामलीला मंचन धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान छोटे छोटे बच्चों ने मंच पर रामलीला का सुन्दर मंचन कर सभी का मन मोह लियाइसके अतिरिक्त विद्यालय में फेंसी ड्रेस प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा प्री नर्सरी से कक्षा एक तक के बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इसके साथ ही कक्षा दो से कक्षा आठ तक के बच्चों द्वारा रामलीला का सुंदर मंचन किया गया। फेंसी ड्रेस प्रतियोगिता में कक्षा प्रि नर्सरी से रियांश, अवनी, मोहिनी,दिवीत, माहिरा,कक्षा एलकेजी से दिव्या, अंशुमन, रूद्राक्षी, गर्विंत, गौरी,कुशप्रीत, भूपेश, कक्षा यूकेजी से त्रिशा, श्रेया, कक्षा प्रथम से प्रणीका रस्तोगी, दिशा ,रूचि, कक्षा द्वितीय से रिया, अभीर, कक्षा तृतीय से कृष्णा, कक्षा



चतुर्थ से देवांश, मयंक , वैष्णवी, आरध्या, कक्षा पंचम से काव्या, प्रतीक, समर, अर्पिता, कक्षा 6 से शुभम चौहान, अतीक्ष, देव विश्वास, कक्षा आठ से निधि सागर द्वारा प्रतिभाग किया गया। सभी ने अपनी प्रतिभा से सबको काफी प्रभावित किया। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक जितेन्द्र सिंह जठौल, अध्यक्ष अरूण दीप सिंह, प्रधानाचार्या सिंदरवीर कौर जठौल, दुर्गेश बाबू, गीता वर्मा, मेघा शर्मा, सुप्रीत कौर, मानसी विश्वास, नैना सरकार, आकांक्षा चौधरी, संगीता,रंजना, जयश्री आदि थे।

# राज्य स्तरीय समूहगान प्रतियोगिता में जेसीज प्रथम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता का प्रांत स्तरीय समारोह 'स्वर साधना' 6 अक्टूबर को खटीमा के बंधन होटल में आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 11 विद्यालयों की टीमों ने प्रतिभाग किया। जिसमें हल्द्वानी, काशीपुर, रुद्रपुर, खटीमा, काठगोदाम, टनकपुर, गदरपुर एवं सितारगंज जैसे विभिन्न स्थानों के विद्यालय शामिल थे। जेसीज पब्लिक स्कूल ने हिंदी और संस्कृत गायन की दोनों श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रस्तुति व गायन कौशल से प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता न केवल विद्यार्थियों की प्रतिभा को उजागर करने में सहायक रही, बल्कि इसमें टीम को भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों के प्रति अभिरुचि



बढाघ्ने में सहायता मिली। विद्यालय प्रबंध के समिति के महासचिव सुरजीत सिंह ग्रोवर ने विजेता प्रतिभागियों और उनके प्रशिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने में सहायता करती हैं। जिसमें उन्हें संगीत के क्षेत्र में आगे बढ़ने के अनेक अवसर प्राप्त होते हैं। विद्यालय के निदेशक सुध शु पंत, प्रधानाचार्य प्रवेश मेहरा तथा समस्त शिक्षकों ने विजयी प्रतिभागियो को बधाई और शुभकामनाएं प्रदान की।

# ईएलपीएस के रूद्रांश ने जू जित्सू प्रतियोगिता में जीता सिल्वर मेडल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आवास विकास स्थित ईएलपीएस विद्यालय के कक्षा पांच के प्रतिभावान छात्र रूद्रांश ठक्कर ने जिला स्तरीय जू जित्सू प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीतकर अपने माता पिता, विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय के प्रबंधक जितेन्द्र सिंह जठौल, अध्यक्ष अरूण दीप सिंह, प्रधानाचार्या सिंदरवीर कौर जठौल ने छात्र रूद्रांश ठक्कर की इस सफलता पर उसे बधाई देते हुए शिक्षा व खेलों में उसके बेहतर भविष्य की कामना की और उसे स्मृति चिन्ह प्रदान कर उसे राज्य स्तर पर खेलने के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर विद्यालय के समस्त स्टॉफ ने भी रूद्रांश ठक्करं को उसके बेहतर प्रदर्शन के लिए बधाई और शुभकामनायें दीं।



# बंसल ज्वैलर्स ने नोएडा में खोला नया शोरूम

## डायमण्ड किंग घनश्याम ढोलकिया ने किया उद्घाटन

नोएडा/ रुद्रपुर( उद संवाददाता)। नौएडा के गैलेक्सी ब्लू शफायर प्लाजा शॉपिंग मॉल में बंसल ज्वैलर्स के नये शोरूम किसना डायमंड का उद्घाटन गुजरात के प्रसिद्ध हीरा व्यवसायी और समाजसेवी घनश्याम ढोलकिया ने किया। इस अवसर पर घनश्याम ढोलकिया ने कहा हमें नोएडा में नया शोरूम खोलने की खुशी है। हमारा उद्देश्य ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाले डायमंड और ज्वेलरी की विस्तृत श्रृंखला प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि इस शोरूम में ग्राहकों को विभिन्न प्रकार के डायमंड और ज्वेलरी की विस्तृत श्रृंखला मिलेगी, जिसमें आधुनिक डिजाइन और पारंपरिक शैली के उत्पाद शामिल हैं।श्री घनश्याम ढोलकिया ने कहा कि देश भर में फैले उनके शोरूम में बेहतरीन डिजाइन में डायमंड की ज्वैलरी उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि बंसल ज्वैलर्स के पास नोएडा में किसना डायमंड ज्वेलरी की फ्रेंचाईजी है। उन्होंने नये शोरूम की बधाई और शुभकामनाएं दी और बताया कि बंसल ज्वैलर्स हमारे पुराने व्यापारिक और परिवारिक मित्र भी हैं। उद्घाटन से पहले स्टोर स्वामी प्रदीप बंसल, दीपांशु बंसल और संकल्प मित्तल द्वारा फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। इसके बाद दीप प्रज्वलित कर शोरूम का शुभारंभ किया। उद्घाटन में मुख्य रूप से विनोद मित्तल,रोशन लाल मित्तल, अशोक बंसल,प्रदीप मित्तल,स0 इकबाल सिंह सोड्डी,बाबूलाल बंसल,डालचंद,ब्लू शफायर प्लाजा के स्वामीप्रदीप अग्रवाल, पप्पू ,राकेश गुप्ता,अनिल त्यागी सहित स्थानीय निवासी और व्यवसायी मौजूदथे।





# रेनबो के विद्यार्थियों ने किया आईआईएम का शैक्षिक भ्रमण

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। रेनबो पब्लिक स्कूल के वाणिज्य वर्ग के विद्यार्थियों को विगत वर्षो की भांति शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम के अन्तगर्त भारतीय प्रबन्ध संस्थान (आई.आई. एम) काशीपुर का भ्रमण कराया गया, जिसमे छात्र-छात्राओ ने अपने बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए वहॉ के अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन का लाभ उठाया। आई.आई.एम काशीपुर के अनुभवी शिक्षक डा0 आसिफ अली ने बताया कैट के जरिए आप प्रबन्धन संस्थान में प्रवेश ले सकते है, जिसके लिए अभी से अपना इच्छित प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम करना होगा। काशीपुर उत्तराखण्ड के इस प्रबन्ध संस्थान मे प्राकृतिक सुंदरता के साथ सीनियर मैनेजमेंट प्रोग्राम, पी.जी.डिप्लोमा इन बिजनेस मेनेजमेंट, पी.एच.डी. एवं एम.बी.ए. एनालिटिक्स की भी सुविधा है। राष्ट्रीय प्रबन्ध संस्थान काशीपुर भारत




सरकार द्वारा स्थापित 13 प्रबन्ध संस्थानों मे से एक है। इस अवसर पर रेनबो स्कूल के प्रधानाचार्य श्री संजय अग्रवाल ने शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पुस्तकें सैद्धातिक ज्ञान देती है, जबकि शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करते है। सामाजिक और भावनात्मक विकास छात्रो को जीवन के यथार्थ से परिचित कराता है। प्रबन्धक संजीव मलिक और गीतांजली मलिक ने राष्ट्रीय स्तर के प्रबंधन संस्थान का रुद्रपुर के इतने निकट होने का विद्यार्थियो को सौभाग्य बताया, प्रबन्धन के क्षेत्र मे भविष्य निमार्ण की दिशा मे इसका भरपूर लाभ लेने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर शिक्षिका शोभा बिष्ट,किरन, हिमांशु उपाध्याय एवं वाणिज्य वर्ग के शिक्षक उपस्थित थे।

# देवभूमि आइकॉन अवार्ड कार्यक्रम 25 को रुद्रपुर में

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। उत्तराखंड में पहली बार देवभूमि आइकॉन अवॉर्ड का आयोजन किया जा रहा है जिसमे विभिन्न क्षेत्रों में छिपी हुई प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया जाएगा साथ ही उत्तराखंड की संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे जिससे उत्तराखंड राज्य को एक अलग पहचान मिलेगी। कार्यक्रम के आयोजक प्रदीप फुटेला , भानु चुघ, रश्मि भारती व रेनू मौर्या ने पत्रकार वार्ता में यह जानकारी देते हुए बताया कि उत्तराखंड में पहली बार इस तरह का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसमे राज्य की सांस्कृतिक विरासत को जीवंत करने का प्रयास किया जाएगा । उन्होंने बताया कि उत्तराखंड सरकार के सांस्कृतिक विभाग के सहयोग से छोलिया नृत्य व पहाड़ी सिंगर की टीम उपलब्ध करवाई जा रही है जो अपनी कला से विभिन्न राज्यों से देवभूमि आइकॉन अवॉर्ड में पहुंचने वाले प्रतिभागियों का अतिथि देवो भव की भावना के अनुरूप उनका स्वागत करेंगे। साथ मशहूर पंजाबी पॉप सिंगर मोंटू मस्त बॉलीवुड व पंजाबी गानों से मनोरंजन करेंगे। उन्होंने बताया कि इवेंट में मशहूर सीनियर सुपर मॉडल व एक्टर राजेश महाजन ,मिस एशिया निधि सिंह, मिसेज हिमाचल शिवानी कौशल, अंतरराष्ट्रीय योग गुरु सोहित योगी, पद्मश्री वैध बालेंदु प्रकाश समेत राजनैतिक दलों व प्रशासनिक अधिकारियों की भी मौजूदगी भी रहेगी। कार्यक्रम में समाजसेवा,शिक्षा, स्वास्थ्य खेल,मॉडलिंग,क्लाइमेट चेंज, एनिमल एक्टिविस्ट के तौर पर काम करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में कई मशहूर शिक्षाविद, मीडिया कर्मी, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी, महिलाओं के हितों के लिए कार्य करने वाली संस्थाओं ,पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को भी सम्मानित किया जाएगा।



## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

### राष्ट्रपति मुइज्जू की भारत यात्रा

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की भारत यात्रा को दोनों देशों के बीच संबंधों के एक नए अध्याय के तौर पर देखा जा सकता है। यों मालदीव को लेकर भारत का रुख हमेशा से सकारात्मक रहा है, लेकिन सोमवार को भारत के प्रधानमंत्री ने एक बार फिर स्पष्ट किया कि दोनों देश एक-दूसरे के घनिष्ठ मित्र हैं। यह भी कहा गया है कि जो सहायता भारत अभी मालदीव को दे रहा है, वह आगे भी जारी रहने वाली है। निश्चित तौर पर यह भारत की उस विदेश नीति के अनुरूप है, जिसमें 'पड़ोस प्रथम' के सिद्धांत को वरीयता दी गई है। इस क्रम में मालदीव के राष्ट्रपति का यह बयान भी बहुत कुछ स्पष्ट करता है कि दोनों देश एक व्यापक 'विजन' दस्तावेज पर सहमत हुए हैं, जो हमारे द्विपक्षीय संबंधों की दिशा तय करेगा। आर्थिक और समुद्री सुरक्षा के मामले में साझेदारी के साथ सहयोग, व्यापक और आर्थिक भागीदारी, डिजिटल और वित्तीय पहलकदमी, ऊर्जा परियोजनाओं, स्वास्थ्य के क्षेत्र में सहयोग आदि पहलू भी शामिल हैं। नई भू-राजनीतिक परिस्थितियों में भारत और मालदीव के संबंधों में आ रही सहजता काफी मायने रखती है। अभी ज्यादा दिन नहीं हुए, जब राष्ट्रपति बनने से पहले मुइज्जू ने भारत को लेकर बेहद नकारात्मक रुख अपनाया और 'भारत बाहर जाओ' जैसा नारा उछाला था। यही नहीं, राष्ट्रपति बनने के बाद आम रिवायत से हट कर उन्होंने सबसे पहले चीन की यात्रा की। उस दौरान भारत और मालदीव के बीच रिश्तों में एक तरह की तल्खी थी। हालांकि भारत ने अपनी ओर से संयम और धीरज का परिचय दिया। अब बदलती वैश्विक तस्वीर के बीच मुइज्जू की भारत यात्रा का महत्त्व समझा जा सकता है। यह भी सच है कि फिलहाल मालदीव गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहा है और उसे तत्काल मदद की जरूरत है। अतीत में भारत ने हर जरूरत के वक्त मालदीव की सहायता की है और शायद उसी के मद्देनजर मुइज्जू ने इस मुश्किल समय में भारत की ओर देखा है। उम्मीद है कि मालदीव की भौगोलिक अवस्थिति, वैश्विक राजनीति में चल रही तेज उथल-पुथल के बीच हकीकत को समझते हुए मालदीव और भारत अपने संबंधों को सहयोग के नए आयाम देने की कोशिश करेंगे।

# शिक्षा के साथ तकनीक, कला और खेल के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखा रहे प्रदेश के युवा : धामी

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने हल्द्वानी स्थित आम्रपाली विश्वविद्यालय में आयोजित अभिनन्दन समारोह 2024 कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं के कार्यक्रम में आकर उनके मन में हमेशा जोश एवं उत्साह का संचार होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे युवा शिक्षा, तकनीक, कला, खेल हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखा रहे हैं। युवा शक्ति अपने सपनों को साकार करने के साथ ही समाज में भी सकारात्मक बदलाव लाने के लिए अपना योगदान दे रही है। आम्रपाली विश्वविद्यालय ने शिक्षा के क्षेत्र में कई बड़े कार्य किए हैं। आम्रपाली से पढ़कर आज युवा हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संपूर्ण विश्व भारत के ज्ञान और शक्ति से परिचित हो रहा है। बीते 10 सालों में भारत की पहचान और शक्ति पूरे विश्व में बढ़ी है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने कहा है कि मनुष्य अनंत शक्ति और ऊर्जा का भंडार है। व्यक्ति को केवल अपनी शक्ति ऊर्जा को पहचानने की आवश्यकता है। युवाओं से सकारात्मक सोच के साथ सही दिशा में चलना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा बीते 3 वर्षों में 17 हजार से ज्यादा युवाओं को सरकारी विभागों में नियुक्ति दी गई है। राज्य में धर्मान्तरण को रोकने के लिए कानून लाया गया है। कम हुई है। नीति आयोग द्वारा जारी सतत विकास लक्ष्यों की सूची में उत्तराखण्ड ने देश में सबसे पहला स्थान प्राप्त किया है। राज्य में ग्रॉस एनवायरनमेंट प्रोडक्ट पर भी कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के 05 छात्रों को प्रतिवर्ष अध्ययन के लिए ब्रिटेन भेजा जाएगा। राज्य सरकार ने आम बजट में युवा कल्याण, खेल, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा पर 1700 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इस



5000 एकड़ से ज्यादा जमीनों को अतिक्रमण से मुक्त कराया है। राज्य की महिलाओं के लिए सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में जीएसडीपी में बीते 20 महीनों में 1.3 गुणा वृद्धि हुई है। बीते 2 साल में राज्य में प्रति व्यक्ति आय में 26 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उत्तराखण्ड में बेरोजगारी दर 4.4 प्रतिशत प्रदेश में राजकीय महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय के आधारभूत संरचना पर कार्य किये जा रहे हैं। राज्य में 20 मॉडल कॉलेज की स्थापना की जा रही है। प्रदेश में आईटी लैब, स्मार्ट क्लास एवं महिला छात्रावास का भी निर्माण किया जा रहा है। राज्य सरकार ने ब्रिटिश उच्चायोग एवं इन्फोसिस स्प्रिंगबोर्ड के साथ एम.ओ.यू. हस्ताक्षरित किए हैं। स्कॉलरशिप के तहत दौरान सांसद श्री अजय भट्ट, दर्जाधारी राज्यमंत्री डॉ अनिल डब्बू, श्री सुरेश भट्ट, श्री दीपक मेहरा, जिलाध्यक्ष भाजपा श्री प्रताप बिष्ट, निवर्तमान मेयर डॉ जोगेन्द्र पाल रौतेला, आयुक्त कुमाऊँ श्री दीपक रावत, पुलिस उप महानिरीक्षक श्री योगेन्द्र सिंह रावत रावत, जिलाधिकारी श्रीमती वंदना एवं पुलिस अधीक्षक श्री प्रहलाद नारायण मीणा मौजूद रहे।

# सीएम ने लखपति दीदी बनने पर 11 महिलाओं को किया सम्मानित

## 1486.75 लाख की 7 योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया



नैनीताल(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को बेतलघाट, नैनीताल में शहीद खेमचन्द्र डोरबी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने 1486.75 लाख की कुल 07 योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। जिसमें 691.06 लाख की 6 योजनाओं का लोकार्पण एवं 795.69 लाख की 1 योजना का शिलान्यास शामिल है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कई घोषणाएं की। जिसमें सुयालबाड़ी ओडाखान मोटर मार्ग के मध्य से 4 कि.मी. लंबे छीनी मटेला मोटर मार्ग के निर्माण की स्वीकृति, सुयालबाड़ी ओडाखान मोटर मार्ग के मध्य से सुयालबाड़ी गांव की ओर 2.5 कि.मी लंबे मोटर मार्ग का निर्माण, छीयोड़ी सुयालखेत मोटर मार्ग के मध्य से चाफा गॉव तक 2 किमी. लंबे मोटर मार्ग का निर्माण कार्य करने जैसी अन्य घोषणाएं शामिल हैं।कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने शहीद खेम चंद्र डॉरबी के माता पिता को शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इसके साथ भी उन्होंने 11 महिलाओं को लखपति दीदी बनने पर एवं अमेल की सीएससी संचालिका पूजा रावत, कॉलेज के प्रधान सहायक दिनेश जोशी और हरतपा के सहायक अध्यापक प्रदीप बोरा को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।मुख्यमंत्री ने कहा कि महज 20 साल की उम्र से ही सेना में भर्ती होकर देश की सेवा में अपना सर्वस्व समर्पित करने वाले खेम चन्द्र जी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादाई है। 50 राष्ट्रीय रायफल्स में तैनात खेम चन्द्र जी ने 2014 में जम्मू-कश्मीर में बाढ़ राहत कार्य के दौरान आतंकियों से लोहा लेते हुए अपने प्राणों की आहुति दी।उन्होंने कहा कि खेम चन्द्र जी को मरणोपरांत महामहिम राष्ट्रपति द्वारा वीरता पदक से सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब किसी मनुष्य में शिक्षा और संस्कार दोनों का विकास होता है, तभी वह परिवार, समाज और देश का विकास कर सकता है।मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने इस वर्ष के बजट में युवा शक्ति के हितों का विशेष ख्याल रखते हुए युवा कल्याण, खेल-कूद, उच्च शिक्षा और तकनीकी शिक्षा आदि पर घ्1700 करोड़ से अधिक खर्च करने का प्रावधान किया है। उन्होंने कहा कि राज्य में बाहरी व्यक्तियों को आवंटित भूमि की भी जांच की जा रही है। आगामी बजट सत्र तक भू कानून का कार्य भी पूर्ण हो जायेगा। मुख्यमंत्री द्वारा शिलान्यास की गई योजनाओं में 795.69 लाख की लागत से भीमताल बाईपास मोटर मार्ग के 1 से 3 कि.मी में डी.वी.एम एवं सीसी मार्ग सुध ारीकरण और 150 मीटर नहर कवरिंग का कार्य शामिल है। इस अवसर पर नैनीताल सांसद श्री अजय भट्ट, नैनीताल विधायक श्रीमती सरिता आर्य, दर्जा मंत्री श्री दिनेश आर्य, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री प्रताप बिष्ट, प्राचार्य डॉ विनय विद्यालंकार, सीडीओ श्री अशोक पांडे, एडीएम श्री फिंचा राम चौहान, प्राधिकरण सचिव श्री विजय नाथ शुक्ला, एसडीएम श्री प्रमोद कुमार, श्री विपिन पंत एवं अन्य लोग मौजूद रहे।







## विशेषज्ञ समिति ने किया नियमावली का कार्य पूर्ण सीएम को सौंपेगी रिपोर्ट

देहरादून। नौ नवंबर को उत्तराखंड राज्य के स्थापना दिवस पर राज्य में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू हो सकता है। यूसीसी के नियम और क्रियान्वयन का काम देख रही विशेषज्ञ समिति ने अपना काम समय रहते पूरा कर दिया है। समिति के अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह ने बताया, कमेटी के सभी सदस्यों ने सोमवार को अंतिम बैठक में नियमों पर अंतिम रूप दे दिया। अब पूरी नियमावली को चार-पांच दिन में प्रिंट कर रिपोर्ट सीएम को सौंप दी जाएगी। इसके बाद सरकार प्रक्रिया को अंतिम रूप देकर यूसीसी लागू करेगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हाल ही में घोषणा की थी कि सरकार नौ नवंबर को उत्तराखंड स्थापना दिवस पर यूसीसी लागू करना चाहती है। उत्तराखंड देश में यूसीसी लागू करने वाला पहला राज्य होगा, जिसके प्रावधानों का लाभ देने के लिए बनाए जा रहे वेब पोर्टल का काम भी लगभग 99 फीसदी पूरा हो गया। इसके जरिए विवाह, तलाक और लिव-इन का पंजीकरण निशुल्क करवाया जा सकेगा। पांच सदस्यीय कमेटी को इसी साल फरवरी में नियम बनाने और क्रियान्वयन के लिए पोर्टल व अन्य व्यवस्थाओं की तैयारी का काम सौंपा गया था। समिति के अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह संग सदस्य के तौर सुरेखा डंगवाल, अभिनव कुमार, अमित सिन्हा और मनु गौड़ शामिल हैं।

# मिनी सिनेमा हॉल शुरू करने की होगी कवायद शुरू

## संस्कृति विभाग के वीरान पड़े ऑडिटोरियम की खनक होगी गुंजायमान

बागेश्वर(उद संवाददाता)।जिले में विकास के लिए अनेकों योजनाएँ चलाई जा रही है धार्मिक और पर्यटन क्षेत्र में विश्व पटल पर जिले को महाऋषियों की तपोभूमि और सुंदर ग्लेशियर के लिए जाना जाता है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने पर्यटको को लुभाने के लिए जिला मुख्यालय में बने ऑडिटोरियम परिसर में अब जनमानस को मिनी सिनेमाहाल का लाभ दिलाने के की सोची है।क्योंकि जिले में पर्यटको और आमजन को मनोरंजन के लिए कभी भी नगरों की तरह मुख्यालय में एक सिनेमा हाल की आवश्यकता होती है। ऐसे में खाली समय में लोगों और पर्यटको को मिनी सिनेमा हॉल में जरूरी सेवाए मिले इसके लिए जल्द प्रयास किया जाएगा। जिसे पर्यटकों और आमजन को वर्तमान में एक मिनी सिनेमा हॉल बनने से पर्यटकों



को सुविधाए मिलेंगी। जिलाधिकारी ने स्थित संस्कृति विभाग के ऑडिटोरियम का स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया।ऑडिटोरियम काफी सालों से खाली और वीरान पड़ा है और पूरे परिसर में झाड़ियां उगी हुई है।डीएम ने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि नगर क्षेत्र के इकलौते ऑडिटोरियम का सद्पयोग कर उचित इस्तेमाल के लिए आवश्यक कार्रवाई कर ली जाए। साथ ही मिनी सिनेमा हॉल के प्रयोग के लिए भी यदि ऑडिटोरियम का उपयोग हो सकता है तो उस दिशा में भी अपेक्षित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। तथा आडिटोरियम का जनहित में उपयोग के लिए चर्चा की जाए ताकि इसका लाभ प्रत्येक वर्ग को मिल सके।जिलाधिकारी ने आडिटोरियम में बने मंच,दर्शक दीर्घा व कक्षों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि ऑडिटोरियम में बिजली,पानी की समुचित व्यवस्था के साथ ही परिसर की नियमित सफाई करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीडीओ आरसी तिवारी,एसडीएम मोनिका सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# खेती और पशुपालन को लाभदायक बनाने में टेक्नोलॉजी की अहम भूमिका

## चार दिवसीय पंतनगर किसान मेले में 481 स्टॉल लगाए गए, मेले में 1 करोड़ 20 लाख की बिक्री हुई, 13 हजार कुंतल बीज विक्रय किया

पंतनगर (उद संवाददाता)। महामहिम राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह ने 116वें अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी के समापन समारोह पर बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। गाँधी हॉल में आयोजित कार्यक्रम में कुलपति डॉ मनमोहन सिंह चौहान ने राज्यपाल को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र भेंट किया। इससे पूर्व महामहिम राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह ने जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पंतनगर परिसर में शारीरिक शिक्षा अनुभाग द्वारा तरण-ताल के निर्माण का शिलान्यास किया। राज्यपाल ने किसान मेले में लगे स्टालों का निरीक्षण कर जानकारियां ली। कार्यक्रम में ओवरऑल बेस्ट परफॉर्मेंस स्टॉल मै0 किसान फर्टिलाइजर एजेंसी काशीपुर को तथा महिला क्लब पंतनगर को बेस्ट समूह का पुरस्कार महामहिम राज्यपाल द्वारा प्रदान किया गया। महामहिम राज्यपाल ने पंतनगर विश्व विद्यालय के 116वें अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी के समापन कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा कि देश के अन्नदाताओं और आप सभी के बीच उपस्थित होने पर मुझे अपार खुशी हो रही है। उन्होंने कहा कि हमारे लिए यह गर्व की बात है कि 1960 में देश का पहला कृषि विश्वविद्यालय, गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर स्थापित किया गया। जो आज पूरे देश में सबसे व्यापक और समृद्ध कृषि विश्वविद्यालयों में एक है। हम सभी जानते हैं कि इस विश्वविद्यालय का कृषि के विकास में बहुत बड़ा योगदान रहा है। जो स्थापना काल से ही कृषि शिक्षा, अनुसंधान, प्रसार एवं कृषि विकास के एक प्रमुख केन्द्र के रूप में विख्यात है। उन्होंने कहा कि हमारे इस विश्वविद्यालय ने देश में हरित क्रान्ति लाने में अग्रणी भूमिका निभाई। यह प्रसन्नता का विषय है कि वर्तमान तक इस विश्वविद्यालय ने लगभग 40 हजार से भी अधिक छात्रों को डिग्रियां प्रदान की है, जो देश और विदेशों में नित्य नई कृषि विकास की गाथा लिख रहे हैं। राज्यपाल ने कहा कि हम जानते हैं कि यह विश्वविद्यालय उच्च गुणवत्ता वाले बीजों के लिए प्रसिद्ध है। मुझे बताया गया है कि गत वर्ष अक्टूबर व इस वर्ष मार्च के किसान मेले से डेढ़ करोड़ रूपये से भी अधिक मूल्य के बीज किसानों तक पहुँचे है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा अब तक विभिन्न फसल, सब्जी एवं फल आदि के 300 से भी अधिक प्रजातियों का विकास किया है, जो सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि मुझे बताया गया कि पशुधन विकास के क्षेत्र में भी विश्वविद्यालय ने उल्लेखनीय प्रगति की है। साहीवाल एवं बद्री गाय, मुर्रा भैंस, पन्तजा बकरी, उत्तरा फाउल, कुक्कुट एवं मत्स्य प्रजातियों पर अनुसंधान कर दूध,



मांस, अण्डा आदि विभिन्न प्रकार के उत्पादों में उल्लेखनीय वृद्धि की है। राज्यपाल ने कहा कि आज देश में कृषि के समक्ष बढ़ती जनसंख्या, सिकुड़ती कृषि भूमि, गिरते भू-जल स्तर, मिट्टी की घटती उर्वरता और जलवायु परिवर्तन जैसी अनेक चिन्तनीय समस्याएं उपस्थित हैं, जिनका समाधान खोजना आप जैसे कृषि पेशेवरों का दायित्व है। आपको ऐसे प्रयास करने होंगे जिससे हमारी विशाल जनसंख्या को, पर्यावरण और जैव-विविधता को कम से कम नुकसान पहुंचे और पोषणयुक्त भोजन उपलब्ध कराया जा सके। कृषि पेशेवरों के लिए यह एक चुनौती भी है और अवसर भी। उन्होंने कहा कि खेती की लागत कम करने, उत्पादकता बढ़ाने, कृषि को पर्यावरण के अनुकूल और अधिक लाभदायक बनाने में टेक्नोलॉजी की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि पानी कृषि का एक अहम घटक है जो सीमित मात्रा में उपलब्ध है, इसलिए यह आवश्यक है कि सिंचाई में तकनीक का अधिकतम प्रयोग होना चाहिए। उन्होंने कहाकि हमारी स्थानीय आवश्यकताओं और स्थितियों के अनुसार समाधान करने के लिए टेक्नोलॉजी भी स्थानीय होनी चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि आज हम क्लाइमेट चेंज जैसी बड़ी समस्याओं का सामना कर रहे हैं। इसलिए प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण और संवर्धन करते हुए आगे बढ़ना, हमारा लक्ष्य होना चाहिए। महामहिम ने कहा कि उत्तराखण्ड के विशिष्ट उत्पादों पर अनुसंधान कर यदि उनके विभिन्न प्रकार के बिस्कुट, पैक्ड फूड, बेबीफूड, जैम, जैली, अचार, फल आधारित पेय आदि बनाए जाएं तो प्रदेश एवं किसान दोनो को लाभ होगा। इस प्रकार के कुटीर उद्योगों को स्थापित करने हेतु प्रदेश के किसानों को अधिक से अधिक दक्षता कौशल आधारित प्रशिक्षण भी दिए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जैविक खेती के साथ-साथ प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की आवश्यकता है, जिससे जनमानस को उसके थाली में स्वास्थ्यवर्धक भोजन मिल सकें। राज्यपाल महोदय ने वैज्ञानिकों से आग्रह करते हुए कहा कि कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा विकसित तकनीक को दूरस्थ क्षेत्र के अन्तिम पायदान पर बैठे कृषकों तक पहुंचाया जाएं। कृषकों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने एवं उनकी आय वृद्धि के लिए प्रयास किए जाएं। किसान संपन्न और खुश रहेगा तभी देश में खुशहाली आएगी। उन्होंने अपेक्षा जताते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय प्रदेश की विशेषताओं एवं आवश्यकताओं के अनुरूप शोध एवं प्रसार करते हुऐ उत्तराखण्ड़ के किसानों, विशेषकर पर्वतीय क्षेत्र के किसानों की आय में वृद्धि कर उन्हें कृषि से जोड़े रखने व पलायन रोकने में अपनी सक्रिय भूमिका निभायेगा। उन्होंने कहा कि हमने वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य रखा है। हम सभी के सामूहिक योगदान के बल पर ही यह राष्ट्रीय लक्ष्य प्राप्त करना संभव हो सकेगा। उन्होंने 116वें अखिल भारतीय किसान मेले में आए हुऐ सभी आगंतुकों, कृषकों, मातृशक्ति एवं विभिन्न फर्मों के प्रतिनिधियों को मेले में प्रतिभाग करने हेतु बधाई दी व कृषकों से आह्वान किया कि वे मेले से ज्यादा से ज्यादा उन्नत बीज ले जाएं। कार्यक्रम में कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने विश्वविद्यालय की कार्य प्रगतियों की जानकारियां देते हुए बताया कि इस चार दिवसीय किसान मेले में 481 स्टॉल लगाए गए, मेले में 1 करोड़ 20 लाख के बिक्री हुई, 13 हजार कुंतल बीज विक्रय किया गया, विश्वविद्यालय को 52 लाख की आय प्राप्त हुई। उन्होंने बताया कि मेले में 27 हजार 5 सौ किसानों द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमें नेपाल के किसानों द्वारा भी प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में प्रगतिशील किसान नरेंद्र मेहरा द्वारा अपने विचार व्यक्त किये गये। समारोह के दौरान निदेशक प्रसार जितेन्द्र क्वात्रा, डॉ. ए.एस.नैन, डॉ. वीके सिंह, जिलाधिकारी उदयराज सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, एसपी मनोज कत्याल, उपजिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र, सीओ निहारिका तोमर सहित अनेक कृषि वैज्ञानिक, अधिकारी व किसान आदि उपस्थित थे।

# भाजपा नेता गौरी ने की सीएम से मुलाकात, बतायी समस्यायें

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। रूद्रपुर वार्ड एक के निवर्तमान पार्षद सुरेश गौरी व वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी तरुण पंत के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर उन्हें नगला क्षेत्र की जनसमस्याओं से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा। दिए गए ज्ञापन में गौरी ने कहा कि नगला को सरकार द्वारा नगर पालिका परिषद घोषित किया गया है। जिसको लेकर नगला निवासी भाजपा सरकार का हार्दिक अभिनन्दन एंव आभार व्यक्त करते है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा लगातार फोर लाईन को लेकर नगला में बसे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व में भी कई बार जन प्रतिनिधियों एवं



नगला निवासियों द्वारा इस विषय से अवगत कराया है। उन्होंने कहा कि सभी नगला निवासी फोर लाइन का स्वागत करते है तथा मांग करते है कि वर्तमान में जो अभी हाईवे टू लाईन बनी हुयी है। उसको सेन्टर से लेकर 50 फिट इधर और 50 फिट उघर नपाई करवाकर रोड़ का चौड़ी करण करा दिया जाए। जिससे वह लोग भी बचे रहेंगे और फोर लाइन भी बन जायेगी। उन्होंने कहा कि नगला में द्वितीय विश्वयुद्ध वाले व कारगिल में लड़े हुए सैनिको के परिवार एवं राज्य उत्तराखण्ड आन्दोलनकारी अपने परिवारों के साथ रहते है। इसलिए अनुरोध है कि जिससे सभी परिवारों की रक्षा हो सके।ज्ञापन देने वालों में राज्य आंदोलनकारी हरीश जोशी, पूरन सिंह परिहार, विक्की पाठक, अशोक कुमार सिंह, वीरेंद्र कुमार, विकास पुजारी, राजू बिष्ट, नारायण सिंह, सुंदर सिंह, नौबत राम आदि शामिल थे।

# खाईबाड़ी करता एक सट्टेबाज गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा थाना पुलिस ने क्षेत्र में खाईबाड़ी कर रहे एक सट्टेबाज को हजारों की नगदी व सट्टा पर्ची सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार कांस्टेबल सुनील कुमार व भूपेंद्र जेष्ठा क्षेत्र में सत्यापन कार्य कर रहे थे। इसी दौरान एक युवक को सार्वजनिक स्थान इंद्रानगर साबरी मस्जिद के पास सट्टे की खाई बाडी करते हुए देखा। जिस पर पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ कर पूछताछ की। उसने अपना नाम पता मो. हनीफ पुत्र शमशेर अहमद निवासी दुर्गा मंदिर वार्ड 21 इंदिरा नगर बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से पैन, गत्ता, सट्टा पर्ची व नगदी 1170 रुपए बरामद किए गए। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध 13 जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया।



# किशोरी को गोली मारने वाले युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

किच्छा(उद संवाददाता)। नाबालिग लड़की को दिनदहाड़े घर में घुसकर गोली मारने वाले युवक के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। उल्लेखनीय है कि बीते दिवस एक युवक द्वारा ग्राम सिरौली में घर में घुसकर एक नाबालिक लड़की को गोली मारकर घायल कर दिया था जिसको चिकित्सा हेतु शिक्षा स्वास्थ्य केंद्र लाया गया था जिसकी नाजुक हालत को देखकर चिकित्सकों ने घायल बालिका को हायर सेंटर रेफर कर दिया था। गोली कांड की सूचना पर पुल भट्टा पुलिस द्वारा हमलावर की तलाश की जा रही थी किंतु हमलावर घटना को अंजाम देकर फरार हो गया ।पुलभट्टा थाना इंचार्ज रविंद्र बिष्ट ने बताया कि घायल पक्ष की ओर से दी गई तहरीर के अनुसार रेहान पुत्र सुभान शाह निवासी छिनकी हाल निवासी सिरौली कला के विरुद्ध मुकदमा पंजीकरण लिया गया है तथा हमलावर की तलाश की जा रही है।

# आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों ने लगाया चुनाव में धांधली करने का आरोप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों ने जिलाधिकारी को सौंपे एक शिकायती पत्र में आंगनवाड़ी के हुए चुनाव में धांधली बरतने का आरोप लगाते हुए आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। उनका कहना है कि नगर निगम सभागार में आगनवाडी कार्यकर्ती, सेविका मिनी कर्मचारी संगठन जिला कमेटी का चुनाव सम्पन्न हुआ। चुनाव अधिकारी द्वारा सूची जारी करने की प्रक्रिया को आधी चुनाव प्रक्रिया में ही रोक दिया। रिसेप्शन एन्ट्री राजिस्टर में पूरे एन्ट्री की गई। जिसके सदस्यों की संख्या 603 है तथा वोट 1268 लोगों के बेलेट पेपर मिले है। वैलेट बॉक्स में ऐसा कैसे हो सकता है। उनका आरोप है कि वेलेंट वाक्स में कुछ रकम भी बरामद हुई, वो कैसे संभव हो सकता है। जिससे साफ जाहिर है कि चुनाव में धांधली बरती गई है। ज्ञापन में रुक्मणि धामी, अलका, गीता रानी, पूनम, प्रेमलता आदि के हस्ताक्षर हैं।

# रामलीला मंचन के दौरान गोली मारकर अधिवक्ता की हत्या

हल्द्वानी। हल्द्वानी के कमलुवागांजा में सोमवार देर रात रामलीला मंचन के दौरान लामाचौड़ के पूरनपुर नैनवाल निवासी अधिवक्ता उमेश नैनवाल (45) की तहेरे भाई दिनेश ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के पीछे जमीन का विवाद बताया गया है। फरार आरोपी की तलाश में रात में ही पुलिस ने कई जगह दबिश दी, मगर वह पकड़ में नहीं आ सका। रामलीला देखने आए उमेश के पहुंचने से पहले दिनेश वहां पहुंचा हुआ था। इसका पता उमेश को नहीं था। रात करीब 11 बजे दिनेश अचानक पीछे से आया और तमंचे से चचेरे भाई को गोली मार दी। भगदड़ के बीच हत्यारोपी तमंचा छोड़कर भाग गया। घायल उमेश को कालाढूंगी रोड स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उमेश एसडीएम कोर्ट में वकालत करते थे। एसएसपी पीएन मीणा सहित भी मौके पर पहुंचे। एसएसपी पीएन मीणा ने बताया कि आरोपी फरार है, उसे पकड़ने के लिए पुलिस दबिश दे रही है। प्रथमदृष्टया जांच में संपत्ति विवाद सामने आ रहा है।



## पेज एक का शेष...

**हरियाणा में भाजपा..** सीटों पर बढ़त बनाकर चल रही थी। हरियाणा में 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए बहुमत का आंकड़ा 46 है। दोपहर तक 13 सीटों पर कांग्रेस तकरीबन 5 हजार वोटों से पीछे चल रही थी। बता दें हरियाणा की 90 सीटों पर 464 निर्दलीय और 101 महिलाओं समेत कुल 1,031 उम्मीदवार मैदान में हैं। सभी सीट पर 5 अक्टूबर को एक ही चरण में मतदान हुआ था। रूझानों में भाजपा की बढ़त के बीच वरिष्ठ कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा का दावा है कि उनकी पार्टी हरियाणा में अपने दम पर सरकार बनाने जा रही है। यह पूछे जाने पर कि क्या उनकी पार्टी को सरकार बनाने के लिए किसी समर्थन की आवश्यकता होगी, उन्होंने दोहराया कि कांग्रेस अपने दम पर सरकार बनाएगी।हुड्डा ने कहा कि इसका श्रेय राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे, प्रियंका गांधी और अन्य नेताओं को जाता है. उन्होंने यह भी कहा कि वास्तविक श्रेय हरियाणा की जनता को जाता है। उधर जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के रुझानों में कांग्रेस बड़ी बढ़त लेते दिख रही है। दोपहर तक आए रुझानों में कांग्रेस को बहुमत मिल चुका है जबकि बीजेपी 25 सीटों पर आगे है। बता दें कि घाटी में 10 साल बाद एक बार फिर से चुनाव करवाए गए हैं। इस चुनाव में कुल 63.45 फीसदी वोटिंग हुई। इस बार के चुनाव में सीधा मुकाबला बीजेपी और एनसी-कांग्रेस के बीच था। समाचार लिखने तक जम्मू कश्मीर में एनसी-कांग्रेस 48 सीटों पर आगे चल रही थी जबकि भाजपा 16 सीटों पर आगे थी।

**गृह कलेश में पल्लेदार..** गये। इधर मामले की सूचना मिलते ही पुलिसकर्मी भी वहां आ पहुंचे और उन्होंने लालजीवन को जिला चिकित्सालय भिजवाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वरिष्ठ भाजपा नेता व समाजसेवी सुरेश गौरी ने पोस्टमार्टम हाऊस पहुंचकर घटना पर दु:ख व्यक्त करते हुए परिजनों को ढ़ांढ़स बंधाया और हर संभव मदद का भरोसा दिया। मृतक का एक पुत्र 4 वर्षीय जीतू व एक पुत्री 3 वर्षीय अंकिता हैं। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है।

**रूद्रपुर सर्किल में...** या सप्लाई बाधित होने पर तुरंत जानकारी एसएमएस द्वारा दी जायेगी। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता किसी बहकावे में ना आयें। फिल्हाल सर्वे और ट्रायल चल रहा है, सर्वे पूरा होने के बाद पुराने मीटर बदलने का काम शुरू होगा।

**कांग्रेस ने चुनाव..** आयोग की वेबसाइट पर केवल 4-5 राउंड ही अपडेट किए गए हैं। यह प्रशासन पर दबाव बनाने की एक रणनीति है। उन्होंने कहा कि निराश होने की जरूरत नहीं है। खेल खत्म नहीं हुआ है। माइंड गेम खेले जा रहे हैं। जनादेश मिलने जा रहा है। कांग्रेस सरकार बनाने जा रही है।

**आपत्तिजनक टिप्पणी...** यति नर सिंहा नंद गिरी की एक वीडियो वायरल हो रही है, जिसमें यति नरसिंहनंद गिरि के द्वारा मुस्लिम समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के उद्देश्य से पैगम्बर मोहम्मद साहब को अमर्यादित शब्द कहे गये जिसे सुनकर मुस्लिम समुदाय के लोगों में काफी आक्रोश है। उन्होंने यती नरसिंहा नंद गिरी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की। इस अवसर पर मुख्य रूप से सद्दाम हुसैन जीशानं मलिक, रिजवान अंसारी, जीशान अली मंसूरी, अकुशना मालिक,तौहीद अन्सारी,इरफान खान, जावेद मलिक अकरम खान शाहिद तमाम लोग उपस्थित थे।

**कंपनी ठेकेदार..** द्वारा कुछ कागजातों में उसके हस्ताक्षर करा लिये है ताकि उसे मिलने वाली रकम हडप कर ली जाये। उसे पता चला कि उक्त ठेकेदार द्वारा उसके साथ ठगी की गयी है। ठेकेदार उसके साथ गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देता है।

# मिलावटखोरों पर कार्रवाई की मांग

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। समाजसेवी नरेश कुमार सेठ ने प्रशासन से शहर में बिक रहे कुट्टू के आटे की जांच की मांग की है। नरेश सेठ ने कहा कि इन दिनों नवरात्र के व्रत चल रहे हैं नवरात्र पर बड़ी संख्या में लोग श्रद्धा से उपवास रखते हैं। उपवास के दौरान लोग कुट्टू के आटा और सिंघाड़े के आटे का बड़ी मात्रा में प्रयोग करते हैं लेकिन पिछले कुछ समय से बाजार में मिलावटी आटा आटा बेचकर लोगों की सेहत से खिलवाड़ किया जा रहा है। पहले भी मिलावटी खाद्य सामग्री से लोगों का स्वास्थ्य बिगड़ने के मामले सामने आ चुके हैं। नरेश सेठ ने कहा कि नवरात्र को देखते हुए खाद्य विभाग को विशेष अभियान चलाकर खाद्य सामग्री की जांच करनी चाहिए।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा   एवं स्व०तिलकराज सुखीजा

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक- परमपाल सुखीजा

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732  समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# प्रति वर्ष हो रहे विकास कार्यों से संवर रहा रामलीला मंच

## श्री रामलीला शुरू होने से तीन माह पूर्व ही मंच और प्रांगण को संवारने में जुट जाते है नरेश शर्मा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नगर की सबसे प्राचीन रामलीला के मंच और प्रांगण को कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा नया रूप देकर ऐतिहासिक बना दिया गया है। मंच सहित वहां बने कमरों में टायल्स और पत्थर लगाकर जहां शानदार किया गया तो वही पीछे बने चारों कमरों में एसी लगवाकर उन्हे वातानुकूलित कर दिया गया। पिछले कई वर्षो से नगर की सबसे प्राचीन रामलीला के मंच और प्रागंण में कई विकास कार्य कराते हुये मंच को एक नया स्वरूप देने का प्रयास किया जा रहा है। प्रभु श्री राम के इस काज में श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष पवन अग्रवाल,महामंत्री विजय अरोरा,कोषाध्यक्ष सीए अमित गम्भीर और समन्वयक नरेश शर्मा निरन्तर जुटे रहते है। वास्तव में श्री रामलीला मंच और प्रांगण को संजाने व संवारने का मुख्य श्रेय कमेटी के समन्वयक नरेश शर्मा को जाता है जो प्रतिवर्ष जून माह के अन्तिम सप्ताह से लेकर श्री रामलीला के मंचन शुरू होने तक निरन्तर प्रभु श्री राम के काज के लिये तन-मन-धन से जुट जाते है और दिन रात एक कर मंच को सजाने और संवारने का कार्य करवाते रहते है। इस वर्ष भी श्री शर्मा ने श्री रामलीला कमेटी के महावीर आजाद के साथ मिलकर श्री रामलीला मंच और कमरों में टायल्स और पत्थर लगवाने का कार्य कराया गया। गुरू माँ इलेक्ट्रोनिक्स के एमडी अभिमन्यु ढींगरा,आशियाना डेवलोपर के एमडी वैभव ग्रोवर,कशिश खेड़ा और समाज सेवी गौरव अनेजा के सहयोग से मंच के पीछे स्थित कमरों में एसी लगवाया गया और जेपीएम कलर लैब के स्वामी जगदीश टण्डन के सहयोग से श्री रामलीला मैदान की सामने वाली पूरी दीवार में प्लास्टर कराया।वर्ष 2011 से 2023 तक श्री रामलीला कमेटी के कोषाध्यक्ष रहे और वर्तमान में समन्वयक का पद निभा रहे श्री शर्मा इसका श्रेय दानवीरो को देते है। श्री शर्मा ने बताया कि क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा द्वारा अपनी विधायक निधि से 11 लाख रूपये,सांसद अजय भट्ट द्वारा 5 लाख रूपये और विभिन्न दानवीरों द्वारा दिये गये 10 लाख रूपये के दान से उपरोक्त सभी कार्य कराये गये है। क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा द्वारा श्री राम काज के लिये विधायक निधि से 5 लाख रूपये और दिये जा रहा है। श्री शर्मा ने बताया कि सांसद निधि से बड़े शैड के साथ एक और शैड का निर्माण कराया गया है। साथ ही कमरों के साथ भी सामान आदि रखने के लिये शैड डलवाया गया है। श्री शर्मा ने बताया कि मंच पर मैटल टाईल्स की सीलिंग और द्वार पर स्लाईटिंग डोर लगवाया गया है।



श्री शर्मा ने बताया कि श्री रामलीला मंचन के लिये परदे के पीछे ऐसे कई सहयोगी होते है जिनके सहयोग से प्रभु श्री राम काज को पूरा किया जाता है। मगर उनका सहयोग किसी को दिख नही पाता। श्री शर्मा ने बताया कि टैण्ट कुर्सी आदि सामान के लिये एडवान्स टैण्ट हाउस के स्वामी सुधीर अरोरा, इलैक्ट्रिकल्स की व्यवस्था सुखीजा इलैक्ट्रिकल्स के स्वामी सतीश सुखीजा,साउण्ड की व्यवस्था बंसी साउण्ड के स्वामी राजकुमार वाधवा, बैण्ड-बाजे और बग्गी की व्यवस्था में गगल कालड़ा द्वारा अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाता है। श्री शर्मा ने दानवीरों का आभार जताने के साथ ही प्रभु श्री राम के इस काज में जुटे श्री राम नाटक क्लब के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों का भी आभार जताते हुये कहा कि उनके सहयोग के बिना प्रभु का यह कार्य अधूरा है। सभी सदस्य एक माह पूर्व ही श्री रामलीला मंचन की तैयारियों में जुट जाते है और रात को मंचन के साथ दिन में अपना-अपना कार्य करते है इसके लिये वह सभी भी बधाई के पात्र है। श्री रामलीला नाटक क्लब के संरक्षक मोहन लाल भुड्डी, सरपरस्त हरीश सुखीजा, प्रेम खुराना, अनिल तनेजा, राम कृष्ण कन्नौजिया, संजीव आनंद, डॉयरेक्टर विशाल भुड्डी, मनोज मुंजाल, आशीष ग्रोवर, महामंत्री गौरव तनेजा, सचिव गौरव बेहड़, सह सचिव राजकुमार कक्कड एवं सचिन मुंजाल, कोषाध्यक्ष रमन अरोरा, मंच व्यवस्था सुभाष तनेजा एवम नरेश छाबड़ा द्वारा मंचन में अपना तन-मन-धन से अपना सहयोग दिया जाता है। श्री शर्मा ने जनप्रतिनिधियों द्वारा दिये गये सहयोग के लिये बकायदा श्री रामलीला मैदान के मुख्य द्वारा पर शिलापट लगवाया गया है ताकि प्रभु के काज में मिलने वाले सहयोग की जानकारी सभी को हो सके। श्री शर्मा ने पिछले वर्ष मंच के चारों और छत पर बूमटी, नीचे फर्श, सीढ़ियों पर टायल्स,शैड, स्टोर आदि का निर्माण कराया था। श्री रामलीला मंच और प्रांगण में स्ट्रीट लाईट्स और स्थाई रूप से विद्युत व्यवस्था करवाई गई थी। इसके साथ श्री रामलीला मंचन के पश्चात पवित्र मंच खुला रह जाता था। मंच की पवित्रता बनी रहे इसके लिये उसमें पीछे 2 विशाल गेट लगवा दिये गये थे। दर्शकों की सुविधा के लिये शैड में कई पंखे लगवाकर इसे हवादार बनवाया हुआ है। पिछले काफी समय से यह कार्य श्री रामलीला मैदान में अधूरे पड़े हुये थे लेकिन श्री शर्मा के जज्बा और मेहनत के चलते पिछली बार इन्हे पूर्ण कराया गया और इस बार भी श्री शर्मा ने मंच और कमरों में टायल्स और पत्थर आदि का कार्य कराते हुये मंच को सजाने और संवारने में कोई कसर नही छोड़ी और मंच के सभी कमरों को वातानुकूलित कराया।श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष पवन अग्रवाल, महामंत्री विजय अरोरा और कोषाध्यक्ष सीए अमित गंभीर द्वारा श्री रामलीला मैदान में कराये गये इन सभी कार्यो की जनता द्वारा खूब प्रशंसा करने के साथ समाजसेवी व कमेटी के समन्वयक नरेश शर्मा के प्रयासों की जमकर सराहना की जा रही है।

## बेहड़ की बदौलत ही बचा श्री रामलीला मैदान का अस्तित्व

रूद्रपुर। शहर की प्राचीन और प्रमुख रामलीला का मैदान का अस्तित्व बचाने में पूर्व मंत्री एवं किच्छा के विधायक तिलकराज बेहड़ की अहम भूमिका रही है। आज रामलीला का जो भव्य स्टेज नजर आ रहा है उसके पीछे श्री बेहड़ का संघर्ष छिपा है। इस मैदान को लेकर गोलियां तक चली थी। पूर्व मंत्री तिलकराज बेहड़ तब विधायक थे,कुछ लोग रामलीला मैदान को खुर्द बुर्द करके कब्जे में लेना चाहते थे लेकिन बेहड़ ने भू माफियाओं के खिलाफ डटकर लड़ाई लड़ी और रामलीला मैदान को आंच नहीं आने दी। बेहड़ जब भी रूद्रपुर के विधायक रहे । उन्होंने विधायक निधि से रामलीला स्टेज के विकास में विधायक निधि से भरपूर सहयोग दिया। बेहड़ और उनका परिवार आज भी रामलीला मैदान और यहां हर वर्ष होने वाले रामलीला मंचन के लिए समर्पित रहता है। बेहड़ के दोनों पुत्र कई वर्षो से रामलीला मंचन में अभिनय कर रहे हैं। बेहड़ के पौत्र द्वारा भी रामलीला के मंच पर अपने अभिनय का शानदार प्रदर्शन किया जा रहा है।



## व्यवस्थाओं को संभालने में भी पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद

रूद्रपुर। शहर की प्रमुख रामलीला में पुलिस प्रशासन का भी उल्लेखनीय योगदान है। जनपद के एसएसपी मणिकांत मिश्रा के दिशा निर्देशन में पुलिस प्रशासन की टीम देर रात तक चलने वाली रामलीला के दौरान असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए मुस्तैद रहती है। रामलीला मैदान के बाहर यातायात व्यवस्था बनाने और लोगों को असुविधा से बचाने पर पुलिस का विशेष फोकस रहता है।

# जय गुरू देव इण्डस्ट्री को फिर मिला प्रथम पुरस्कार

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। अखिल भारत किसान मेला एवं कृषि औद्योगिक प्रदर्शनी में इस बार भी रूद्रपुर की जय गुरूदेव इण्डस्ट्री के स्टॉल को प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया। जय गुरूदेव इण्डस्ट्री बीते कई वर्षो से पंतनगर किसान मेले में कृषि यंत्रों की प्रदर्शनी लगाती है। जिसमें किसानों को नये नये कृषि यंत्रों की जानकारी दी जाती है। इस बार भी जय गुरू देव इण्डस्ट्री की ओर से लगाये गये स्टॉल पर किसानों की भारी भीड़ जुटी रही। इस दौरान किसानों को ड्रोन तकनीक के साथ ही कई आधुनिक कृषि यंत्रों के बारे में जानकारी दी गयी। समापन समारोह में मुख्य अतिथि राज्यपाल महामहिम गुरमीत सिंह ने जय गुरूदेव इण्डस्ट्री के आशु गुम्बर को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान राज्यपाल ने जयगुरूदेव इंडस्ट्रीज के प्रयासों की सराहना करते हुए शुभकामनायें दी।





# नगदी सहित दो सट्टेबाज गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा थाना पुलिस ने दो सट्टेबाजो को हजारों की नगदी व सट्टा पर्ची सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष बनभूलपुरा नीरज भाकुनी द्वारा क्षेत्र में सत्यापन की कार्यवाही के दौरान 2 युवकों को सार्वजनिक स्थान गफूर बस्ती से सट्टे की खाई बाडी करते हुए पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता जैद कुरैशी पुत्र नईम कुरैशी निवासी इंद्रा नगर मोहम्मदी चौक बताया तलाशी लेने पर उसके पास से सट्टा पर्ची व नगदी 980 रुपए आदि सामान बरामद हुआ।उसके साथी ने फरमान पुत्र बशीर अहमद निवासी इंद्रा नगर बताया। उसके पास से पैन गत्ता सट्टा पर्ची व नगदी 1190 रुपए बरामद हुए। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी, कानि, सुनील कुमार, दिलशाद अहमद, महबूब आलम व भुपेन्द्र जेष्ठा शामिल थे।




गुरू माँ उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन

गर्मियों में ठंड जैसी राहत
गुरू माँ
36 महीने तक की EMI उपलब्ध

Budget Ac
Premium Split Ac
Mid-Range Split Ac
Heavy-Duty Split Ac
Easy EMI Options Available

SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS
DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR

Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध

RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000